तापमान

अधिकतम 31 डिग्री

न्यूनतम 25 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, गुरुवार, 22 अगस्त 2024





02 तीस फीसदी छूट बंद होने से महंगी पड़ेगी निगम की दुकानें




# सबस्टेशन ट्रांसफार्मर का जंफर कटा, आठ घंटे तक बिजली रही बंद

**चंद्रनगर, लोकनगर, न्यू नेहरूनगर, वेदांत नगर, कबीरनगर सहित दर्जनभर कालोनियों में रात 2 बजे से सुबह 10 बजे तक बिजली रही प्रभावित**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत दर्जनभर कालोनियों में मंगलवार की रात 2 बजे से बिजली चली गई। बुधवार की सुबह 10 बजे तक यह स्थिति रही। कालोनीवासी रातभर उमसभरी गर्मी से परेशान रहे। सुबह पानी तक के लिए जूझना पड़ा। उतई विद्युत सबस्टेशन के अधिकारियों का कहना है कि रात सबस्टेशन स्थित ट्रांसफार्मर का जंफर कट गया। इसके अलावा लाइन में भी दिक्कतें आई। जिसकी वजह से बिजली सुधारने में इतना वक्त लगा।

### शिकायत पर कोई सुनवाई नहीं

उमरपोटी ग्राम पंचायत के अंतर्गत ये कालोनियां विकसित हुई है। इन कालोनियों में उतई और पुरई से लाइन आती है। हाल यह है कि जब बिजली बंद हो जाती है तो उनकी शिकायतें को सुलझाने में ही कई घंटे लग जाते हैं। यहां मेनपावर की कमी के नाम पर विद्युत वितरण कंपंनी ने ठेका दे दिया है। शिकायत करने पर यही जवाब मिलता है कि लाइन बनाने के लिए अमला दूसरी तरफ गया है। आने पर भेज देंगे। सुबह की शिकायत का शाम तक बनाने के लिए अमला पहुंच रहा है।

### इन कालोनियों में रही बिजली देर रात से बंद

उतई सबस्टेशन के अंतर्गत चंद्रनगर, लोकनगर, न्यू नेहरूनगर, कबीर नगर, वेदांतनगर फेस वन व टू सहित दर्जनभर कालोनी आते हैं। यहां पिछले दस साल से सबसे बड़ी समस्या बिजली की है। पूरे सालभर बिजली यहां लोगों को परेशान करती है। उसके बाद भी विद्युत वितरण कपंनी के जिम्मेदार अधिकारी इस इलाके की तरफ झांकने तक नहीं आते। ट्रांसफार्मर से फ्जूज उड़ जाना और इंसुलेटर फूटने की समस्या आम है। पेड़ों की डालियां लाइन पर गिरते ही रहते हैं। इतनी सारी समस्याओं में एक न एक समस्या रोजाना आ ही जाती है। जिसकी वजह से यहां के लोगों को पूरे साल बिजली के लिए संघर्ष करते देखा जा सकता है।



### पोल भी आड़े-टेढ़े लगा दिए विभाग ने

इन कालोनियों में एक और बड़ी समस्या है वह है बिजली पोल। पोल को विभाग ने ऐसे लोगों को ठेका दिया जो अपनी मनमर्जी से बिना बेस के ही लगा दिए हैं। बारिश होती है तो ये पोल तिरछे हो जाते हैं। लाइन के भरोसे ये पोल खड़ी है। ठेकेदार ने एक पोल से दूसरे पोल के बीच निर्धारित डिसटेंस भी नहीं दिया। कई लोगों के प्लाट में पोल लगाकर अपना वर्क पूरा दिखाकर बिल पास करवा लिए। अब जनता भुगत रही है। जब घर बना रहे हैं तो सामने पोल लगा है। उसे हटवाने का खर्च विभाग आवेदनकर्ता से वसूलता है। जिसकी वजह से भी बिजली बाधित हो रही है। पोल गिर जाते हैं।

**सबस्टेशन का जंफर कटा**

उतई सबस्टेशन का जंफर कट गया था। रात को दूसरी जगह भी प्राब्लम रहा। जिसकी वजह से बिजली की दिक्कतें आई।

**- वाई परस्ते,** जेई उतई डीसी

---

## खबर संक्षेप

### मेडिकल फैक्ट्री में लगी आग, मशक्कत के बाद काबू



**भिलाई।** कॉट्रेल हेल्थ केयर फैक्ट्री में अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई। मौके पर 10 दमकल पहुचने के बाद ही मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि कॉट्रेल हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। सूचना मिलने पर अलग-अलग जगहों से 10-12 फायर दमकल वाहन कुम्हारी पहुची। बताया जा रहा है कि घटना शाम 4 बजे की है। ग्राम अकोला में स्थित कॉट्रेल हेल्थ केयर फैक्ट्री में आग लग गई थी। जैसे ही सूचना मिली तुरंत दो दमकल रवाना किया गया। फैक्ट्री में आग का कारण शार्ट सर्किट से होना बताया गया है। लेकिन जांच के बाद ही कारण स्पष्ट हो पाएगा। आग बुझाने में 15-20 कर्मी पहुचे थे। आग बढ़ जाने से रायपुर, एसीसी,जेके लक्ष्मी कंपनी समेत अन्य जगहो से दमकल वाहनों को मंगाया गया। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री में मेडिकल सवर्सिस में उपयोग होने वाले मास्क, सिरिंज, ग्लब्ज समेत अन्य सामान का निर्माण किया जाता है। अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आग फैक्ट्री के गोडाउन में अधिक लगी और वहां भारी मात्रा में सर्जिकल मास्क रखा हुआ था। उसमें आग लगने से वह तेजी से फैल गया। गोडाउन के अंदर फायर कर्मी नहीं घुस पा रहे थे। इसके बाद जेसीबी बुलाई गई और गोडाउन की दीवार को तोड़कर आग पर काबू पाया गया।

---

**पूछताछ जारी : दुर्ग जिले का है बड़ा अपराधी, वाहन सीजिंग का काम करता था**

# महादेव सटोरिया दीपक नेपाली के रंगदारी मामले में पुलिस ने ली पांच दिन का रिमांड

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

ऑनलाइन सट्टा महादेव ऐप का पैनल चलाने वाला बदमाश दीपक नेपाली को छावनी पुलिस ने रंगदारी वसूलने और मारपीट करने के मामले में पांच दिनों का पुलिस रिमांड लिया है। इस दौरान आरोपी दीपक नेपाली से घटना को अंजाम देने वाले उसके तीन अन्य दोस्तों के नाम, किस हथियार से कैसे वार किया था। इन सारी जानकारी को इकठ्ठा करने में पुलिस जुटी हुई है। उसे मंगलवार की देर रात से पुलिस पूछताछ कर रही है। दीपक नेपाली जिले का बड़ा अपराधी है। छावनी पुलिस ने धारा 327 के तहत रिमाण्ड लिया है। अपराध जगत में कदम रखने के पहले छावनी थाना क्षेत्र का गुंडा बदमाश महादेव सटोरियी दीपक नेपाली वाहन सीजिंग का काम अपने भाई लुकेश नेपाली के साथ मिलकर



काम करता था। दीपक नेपाली ने पहली वारदात देवरी में लुकेश के साथ मिलकर डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले में दोनों भाईयों के नाम पर गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। उसके बाद से अपराध की दुनिया में दीपक नेपाली ने कदम रखते ही कैम्प क्षेत्र में सनसनी फैला दी थी।

इस दौरान 2020 में भाजपा नेता प्रशांत मिश्रा पर जबरन गले में चाकू से हमला कर फरार हो गया था पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अभी धारा 37 मामले में दुर्ग सेंट्रल जेल में सजा काट रहा है।

### अपराध से लेकर सटोरिया बना नेपाली

मिली जानकारी के मुताबिक बदमाश दीपक नेपाली महादेव सट्टे का सरगना सौरभ चंद्राकर के करीब आया और सट्टे के फंसे रुपए को निकलने में वसूली का काम करता था। इस दौरान महादेव सट्टा ऐप चलाने का काम शुरु किया। देखते ही देखते करोड़ों रुपए का आसामी बन गया लेकिन अपराध नेपाली का कम नहीं हुआ। बल्कि अपराध उसका कैम्प समेत आसपास में बढ़ता ही रहा है। इसके नाम से पुलिस भी परेशान हुआ करती थी। उसके गिरफ्तारी के बाद छावनी समेत आसपास के थाने के कर्मियों ने राहत की सांस ली है।सटोरिया दीपक नेपाली जेल में होने के बाद भी उसका महादेव सट्टे का काम बेखौफ तरीके से अब भी जारी है। सूत्रों ने बताया कि इसका सारा काम शुभम यादव, विशाल कुशवाहा और अनमोल जायसवाल नाम के तीन युवक करते है। लेकिन जिले से तीनों अभी फरार है।


### पेशी से आने के बाद दीपक को लिया रिमांड में

महादेव सट्टा ऐप का पैनल चलाने वाले बदमाश दीपक नेपाली और उसका भाई लुकेश नेपाली की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही है।दीपक नेपाली को मंगलवार को दुर्ग जेल से रायपुर पेशी के लिए ले जाया गया था। वहां से आते ही छावनी पुलिस के आवेदन पर दुर्ग जिला न्यायालय ने लिस रिमांड पर भेज दिया है। वहीं उसके भाई लुकेश ने एएसपी के नाम मैसेज जारी कर सनसनी फैला दिया है। बताया तो यहां तक जाता है कि महादेव सट्टे की अवैध कमाई से कई लग्जरी कारे उसके पास है। जबकि कुछ साल पहले ही इसके पास साइकिल तक खरीदने के रुपए नहीं हुआ करता था।

**रिमांड में लेकर पूछताछ चल रही**

“ गुंडे बदमाशों पर नकेल कसने के लिए पुलिस लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई करती आ रही है। बदमाश दीपक नेपाली के खिलाफ छावनी थाने में धारा 327 का एक मामला दर्ज है। उसे लेकर पूछताछ के लिए रिमांड में लिया गया है। इसमें आरोपी से बारिकी से पूछताछ किया जा रहा है।

**- सुखनंदन राठौर**
एएसपी शहर




आरोपी दीपक नेपाली का भाई लुकेश ने इस तरह वाट्सअप में एएसपी को मैसेज भेजा

### लुकेश ने मांगी एएसपी से हेल्प

पुलिस ने जैसे ही दीपक नेपाली को रिमांड में लिया। कुछ घंटे बाद ही उसके लुकेश ने अपने स्टेटस पर एएसपी के नाम एक मैजेस डाला। मैसेज में किसी संतोष सिंह का मोबाइल नंबर डाला है और लिखा कि ये मेरा वाट्सअप नंबर है। प्लीज एएसपी सर कॉल मी नीड योर हेल्प अर्जेंट सर, कॉल मी आई विल वेयरिंग फॉर योर कॉल सर इस मैसेज के बाद से पुलिस महकमे में खलबली मच गई है।आखिर लुकेश नेपाली किस एएसपी लेबल के अधिकारी के लिए यह मैसेज भेजा है। एएसपी के नाम का मैसेज वायरल होने के बाद पुलिस विभाग में भी खलबली मच गई है कि किस अधिकारी से हेल्प मांग रहा है।

---

# डिवाइडर से टकरा कर युवक गिरा, कार की चपेट से मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

डिवाइडर से टकरा कर युवक गिरा और पीछे से आ रही कार के चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। सूचना

- **स्कूटी अनियंत्रित होने से हादसा हुआ, नेवई थाना क्षेत्र की है घटना**

परिजनों को देने के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया है। नेवई पुलिस ने बताया कि स्कूटी में सवार होकर तीन युवक आ रहे थे। इस दौरान कृष्णा रोड पर स्थित डिवाइडर से वाहन टकरा जाने से बीच में बैठा युवक नीचे गिरने से पीछे से आ रही वाहन के चपेट में आ गया। घटना में युवक की मौत हो गई। दो युवक अब भी घायल है। मृतक युवक का शिनाख्त रुआबांधा बस्ती वार्ड 63 आजाद चौक निवासी प्रशांत कुमार महला के रूप में हुई है। प्रशांत कुमार महला रक्षाबंधन पर अपने दोस्त दीनू और एक अन्य युवक के साथ सोमवार शाम हनोदा गए थे। रात ज्यादा होने के कारण तीनों वहीं रुक गए और दूसरे दिन मंगलवार को अपने घर के लिए निकले। सुबह 6 बजे तीनों चंद्राकर टेडर्स के पास पहुंचे और अचानक वाहन अनियंत्रित होने से स्कूटी डिवाइडर से टकरा गई। प्रशांत जिस वाहन में बैठा था वह स्कूटी हवा में उछल गया। इसके बाद सड़क के दूसरी ओर कार की चपेट में आने से प्रशांत की मौत हो गई। खबर लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

---

# हत्या: 5 आरोपी और तीन अपचारी बालक पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

पुरानी रंजिश के चलते युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना दुर्ग कतोवाली थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने आपरोपियों के खिलाफ धारा 103, 190, 191(2), 191(3) बीएनएस 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। कोतवाली टीआई विजय यादव ने बताया कि 18 अगस्त को पुलिस को सूचना पर ललित जैन के



घर के चौखट पास शिक्षक नगर दुर्ग में सत्तू मरकाम उर्फ सत्यवीर एवं अन्य के द्वारा एक राय होकर आकाश शर्मा पर प्राणघातक हमला किया। गंभीर हालत में आकाश शर्मा को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां से उसे श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज जुनवानी रेफर किया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान आकाश शर्मा ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम बनाई। पुलिस ने कसारीडीह दुर्ग निवासी सत्यवीर उर्फ सत्तू मरकाम, लुचकी पारा मयंक कटारे, मुकेश यादव, सिकोला भाठा अभिषेक मरकाम, कसारीडीह दुर्ग युवराज सोनवानी समेत तीन अपचारी बालकों को पकड़ा है। इस कार्रवाई में निरीक्षक विजय यादव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### जवानों ने बचाई जान

**भिलाई।** पेट्रोलिंग के जवानों की सतर्कता से पावर हाउस ओवर ब्रिज के ऊपर दुर्ग से रायपुर मार्ग मे एक दो पहिया वाहन चालक जो लापरवाही पूर्वक वाहन को सड़क मे खड़ा कर सोते पाया गया। हाइवे पेट्रोलिंग ड्यूटी कर रहे जवान जितेंद्र एवं नरेंद्र यादव की पेट्रोलिंग पैनी नजर पड़ने पर दोनों युवको को उठाकर सुरक्षित छावनी पुलिस थाने छोड़ा। फिर हाईवे पेट्रोलिंग के जवानों की सूझबूझ से एक बड़ी अनहोनी होने से बचाया गया।

---

# आकाश गंगा सब्जी मंडी में निगम अमले ने दी दबिश



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

आकाशगंगा थोक पदाधिकारियों विक्रेताओं, व्यापारियों एवं आम नागरिकों के अनुरोध पर सुपेला आकाश गंगा सब्जी मंडी में कचरा संग्रहण हेतु ट्राली रखा गया। लोगों की शिकायत थी, खुले में कचरा

- **सट्राली की जगह खुले में कचरा फेंकते मिले व्यवसाई**

रखने से जानवर इधर-उधर बिखेर देते है, बदबू फैलता है। सब के सुझाव पर ही रोज का रोज सब्जी का कचरा दो टाइम उठे इसी लिए स्पेशल बड़ा ट्राली बनवाकर रखा गया। जिसे ट्रेक्टर खीच कर संग्रहण स्थल तक ले जायेगा। जिस पर व्यापारी अपने दुकान का कचरा ट्राली में डाल सके। दोपहर को दुकान-दुकान से कचरा भी संग्रहण हो रहा है, व्यापारियो के पदाधिकारियों ने सहमति भी दी हम कचरा बाहर नहीं फेकेंगे।

उसी का निरीक्षण करने सुबह जोन आयुक्त येशा लहरे अपने दल के साथ निरीक्षण करने पहुंची। अपने आदत से मजबूर थोक विक्रेताओ द्वारा सड़क पर गंदगी डाली जा रही थी। कचरा भी ट्राली में न फेंककर खुले में डाला जा रहा था। सड़क के उपर बीच में दुकाने लगाकर रास्ता जाम करके सब्जी का व्यवसाय भी किया जा रहा था। जिसे जाकर नगर निगम की टीम ने बंद कराया। छोटे व्यापारियो के साथ-साथ बड़े व्यापारी, पदाधिकारी, जिन्होने अपनी सहमति दी थी, कि हम रोड में कचरा नहीं फेकेंगे, वो स्वयं कचरा फेंकते हुए पाये गये। चालानी कार्यवाही करने के दौरान व्यापारिक संगठनो द्वारा एक अवसर और प्रदान करने की मांग की गई। उसी के आधार पर चालानी कार्यवाही नहीं की गई।

---

**कोर्ट के फैसले से नाराज संगठनों ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन**

# बंद बेअसर, क्रीमीलेयर वापस लेने एससी-एसटी संगठनों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई-दुर्ग

आरक्षण में क्रीमीलेयर को लेकर एससी-एसटी संयुक्त संघर्ष मोर्चा द्वारा बुधवार को भारत बंद के तहत ट्विनसिटी में बंद बेअसर रहा। सुबह से ही भिलाई व दुर्ग में व्यवसायिक दुकानें खुली रही।संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने एक दिन पहले क्रीमीलेयर को वापस लेने भारत बंद का आव्हान किया था। इसके लिए संगठनों द्वारा समर्थन भी मांगा गया था। रोज की तरह व्यापारिक संगठन कामकाज करते नजर आए। सड़क पर एससी-एसटी संगठनों की उपस्थिति नजर आई। रैली सतनाम भवन सेक्टर-6 भिलाई से निकालकर कलेक्टोरेट के सामने प्रदर्शन किया गया।



कीमीलेयर को वापस लिए जाने की मांग को लेकर करीब दो घंटे तक कलेक्टोरेट के सामने प्रदर्शन किया गया। इस दौरान पटेल चौक में वाहनों की जाम भी लग गई थी। संगठनों ने जमकर नारेबाजी भी की।

बहुजन समाज पार्टी दुर्ग जिला इकाई के अध्यक्ष दीपक चंद्राकर के नेतृत्व में बसपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1 अगस्त को अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के आरक्षण को उप वर्गीकरण व इसमें भी क्रीमीलेयर लागू करने के फैसले को निरस्त करने व संविधान संशोधन लाने तथा एससी, एसटी, आरक्षण को संविधान के नवी अनुसूची में शामिल करने की मांग किया गया है। इस मौके पर मुख्य रूप से ओमप्रकाश (पूर्व प्रदेश अध्यक्ष) लता गेडाम, ( प्रदेश महा सचिव), दुर्ग विधानसभा इकाई अध्यक्ष सचिन गवई, संतु प्रसाद यादव, प्रदीप देवांगन, देवानंद कुंभकार, सागर सेन, संतोष बंजारे, लोकेश महिलवार, हीरा लाल टंडन, गोर्वधन धृतलहरे, अजय कश्यप, पेसनदेव हिरकने, रत्नमाला भौतिक, राधेश्याम प्रसाद आदि उपस्थित थे1



### पुलिस जवानों को करनी पड़ी मशक्कत

संगठनों के रैली के चलते पटेल चौक में घंटो जाम की स्थिति निर्मित हो गई थी। ऐसे में दोनो ओर से आवाजाही थम गई थी। वही संगठन के सदस्य सड़क पर बैठ गए थे। हांलाकि पुलिस प्रशासन द्वारा बाद में आवाजाही सामान्य किया गया। लेकिन जवानों को इसके लिए कड़ी मशक्कत करनी पडी। ज्ञापन सौंपने रैली के रूप में आए लोगों को पटेल चौक के पास ही रोक दिया गया था। आगे बैरीकेट्स लगाया गया था, जिसके चलते सडक पर ही संगठनों ने नारेबाजी शुरू कर दी थी।


**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

7987328736, 7489348301

**खबर संक्षेप**

### सद्भावना का भोजली पर्व धूमधाम से संपन्न

**दुर्ग।** सद्भावना छतीसगढ़ के ग्रामीण संस्कृति आयोजन का परम्परागत भोजली पर्व गौंटिया कोठार छतौना जरहागांव में धूमधाम से मनाया गया। सदभावना महिला समिति द्वारा रंग बिरंगे पोशाक में बच्चो महिलाओं ने पूजन पश्चात रैली के रूप में बनिया तालाब में विसर्जन के लिए पहुंचे। गेहूं के पौधे को लेकर प्रेम मित्रता एवं सम्मान स्वरूप छोटे उम्र के लोग बड़े बुजुर्गो को स्वर्ण भोजली को प्रतीकात्मक भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर बच्चो के बीच सद्भावना महिला संयोजिका अलका अग्रवाल के मार्गदर्शन में आशीष अग्रवाल द्वारा बच्चों को चाकलेट टॉफी प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में राजकमल कश्यप, गोलू कश्यप,नीलू हरिकांत अनुज सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

### अयोध्या धाम के लिए आज रवाना होंगे तीर्थ यात्री

**दुर्ग।** श्री रामलला दर्शन योजना के तहत दुर्ग संभाग और बस्तर संभाग के 850 श्रद्धालुओं को निःशुल्क यात्रा कराई जाएगी। तीर्थयात्रियों का दल 22 अगस्त को दुर्ग रेल्वे स्टेशन से दोपहर 12 बजे स्पेशल ट्रेन से श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम की यात्रा के लिए रवाना होगा। समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक अमित सिंह परिहार ने बताया कि रामलला दर्शन पश्चात तीर्थयात्रियों का दल 25 अगस्त को मध्य रात्रि स्पेशल ट्रेन से ही दुर्ग वापस पहुंचेगी। तीर्थ यात्रा में दुर्ग जिले अंतर्गत नगर पालिक निगम दुर्ग से 7, भिलाई से 7, भिलाई-चरोदा से 7, रिसाली से 7, नगर पालिका परिषद जामुल से 3, कुम्हारी से 3, अहिवारा से 3, अमलेश्वर से 2, नगर पंचायत धमधा से 2, पाटन से 2, उतई से 2, जनपद पंचायत दुर्ग से 45, पाटन से 45 और धमधा से 45 श्रद्धालु शामिल किए गए है। दुर्ग रेल्वे स्टेशन में 22 अगस्त को दोपहर 12 बजे जन प्रतिनिधियों द्वारा स्पेशल ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

### प्रताड़ना से पत्नी की मौत, पति गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** दहेज की मांग को लेकर पति द्वारा प्रताड़ित किए जाने से नवविवाहिता ने आत्महत्या कर ली थी। इस मामले की जांच पड़ताल के पश्चात पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार तुमडीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत मृतिका नवविवाहिता 5 वर्ष पूर्व ग्राम आरगांव निवासी संदीप कुमार साहू से प्रेम विवाह की थी। विवाह के एक वर्ष बाद से नवविवाहिता के पति संदीप कुमार साहू दहेज मांग को लेकर नवविवाहिता को प्रताड़ित करता था, जिस पर नवविवाहिता के परिवार वाले दहेज के रूप में आरोपी को सोना-चांदी खरीदकर दिए थे, फिर भी आरोपी पति अपनी पत्नी को अपने परिवार वालों से दहेज मांग को लेकर हमेशा प्रताड़ित करता था। स्वयं पर आग लगा ली थी विवाहिता पुलिस के अनुसार अपने पति के दहेज मांग की बात से प्रताड़ित होकर नवविवाहिता ने 14 अप्रैल 2024 को ग्राम आरगांव में सुबह करीब साढे 8 बजे अपने ससुराल में अपने ऊपर मिट्टी तेल डालकर आग लगा ली, जिसे आस पड़ोस के लोगों की सहायता से ईलाज हेतु कालडा बर्न सेंटर रायपुर में भर्ती किया गया।

# एक लाख को मिलेगी सदस्यता, 50 को जोड़ने पर बनेंगे सक्रिय सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दस साल बाद भाजपा द्वारा नए सिरे से सदस्यता अभियान का आगाज किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जनप्रनिनिधियों को पचास-पचास सदस्य जोडने टारगेट दिया गया है। जिसके बाद ही विभिन्न पदों पर जहां आसीन होगें, वहीं सक्रिया सदस्य की प्राथमिकता ले सकेगें। बहरहाल सदस्यता अभियान का आगाज शुरू किए जाने से पहले आज दुर्ग में कार्यशाला का आयोजन 22 अगस्त को किया जाएगा।

मिली जानकारी अनुसार दुर्ग जिले में भाजपा द्वारा एक लाख सदस्यों को जोडा गया था। वही प्रदेश में यह आंकडा 29 लाख है। नए सिरे से होने वाले इस अभियान में अब छोटे व बडे नेताओं को एक बार फिर सदस्यता लेनी होगी। इसके लिए जिले में 805 बूथों में यह अभियान टोली बनाकर चलाई जाएगी। पार्टी के नेताओं ने बताया कि, प्रत्येक बूथ में दो सौ सदस्य जोडने पहले ही टारगेट दिया गया है। वही जिले में जितने बूथ हैं, सदस्य भी उससे अधिक होने चाहिए। इस तरह के मापदंडों के साथ भाजपा द्वारा नए सिरे से सदस्यता अभियान चलाने की तैयारी है।

## प्राथमिक सदस्यता बाद पचास को जोड़ने पर मिलेगा सक्रिय सदस्यता का लाभ

### ऑनलाइन होगी सदस्यता की प्रक्रिया

वर्ष 2014 में पर्ची के जरिए सदस्यता ली जाती थी। लेकिन इस बार आनलाइन प्रक्रिया के जरिए सदस्यों को जोडा जाएगा। पहले मिसकाल के आधार पर सदस्य जुडते थे। जिसमें कई तकनीकि अडचने आती थी। लेकिन इस बार पार्टी ने पुराने प्रक्रिया का संसोधन करके नए पोर्टल तैयार किया गया है। जिसके जरिए सदस्यता लेने वाले को लिंक भेजा जाएगा। इस लिंक में बूथ, मंडल और जिले की पूरी जानकारी फीड है। इसके विकल्प को चुनकर फार्म फीड कर सकेगे। आनलाइन सदस्यता के बाद तत्काल आईडी भी जारी कर दिया जाएगा। पहले वैरीफिकेशन मे ही समय लग जाया करता था।




### आज कार्यशाला का होगा आयोजन

जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि, प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में हुए निर्णय अनुसार 22 अगस्त को प्रातः 11 बजे दुर्ग के जिला भाजपा कार्यालय में कार्यशाला रखी गई है। इस कार्यशाला में प्रशिक्षण देने मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंह देव का आगमन हो रहा है। जिला सदस्यता अभियान के संयोजक राजेन्द्र कुमार पाध्ये ने बताया कि, इस कार्यशाला में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पाण्डेय, सांसद विजय बघेल, जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, दुर्ग जिले के भाजपा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, ललित चन्द्राकर, गजेंद्र यादव, ईश्वर साहू विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

**लगेगी चपत : जलगृह और गंज चौक में बनी हैं 70 से अधिक दुकानें**

# तीस फीसदी छूट बंद होने से महंगी पड़ेंगी निगम की दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भले ही नगरनिगम को जलगृह काम्प्लेक्स और गंच चौक स्थित दुकानों का मालिकाना हक मिल गया है। लेकिन वर्तमान में अब इसे रजिस्ट्री कराने निगम के लिए चुनौती होगी, क्योकि पूर्व में रेट निर्धारित किए गए थे। जिसमें तीस फीसदी छूट के अनुसार रजिस्ट्री रेट तय किया गया था। लेकिन वर्तमान में रजिस्ट्री कराने पर खरीददारों को तीस फीसदी छूट के बजाय कलेक्टर दर का पूरा सौ फीसदी दर चुकाना होगा।

उल्लेखनीय हैं कि, नगरनिगम द्वारा जलगृह और गंज चौक में नजूल की जगह पर दुकान बनाए गए है। यह जमीन नजूल के नाम में होने के कारण निगम इसे बेच नही पा रहा था। लेकिन वर्तमान में कलेक्टर ने इसकी अनुमति दे दी है। इस अनुमति के बाद निगम दुकानों की नीलाम कर सकेगा। अफसरों ने बताया कि, दोनो जगह करीब 70 दुकाने बनी है। इसे बेचने का सिलसिला वर्ष 2018 से चल रहा है। अब तक इन दुकानो के लिए 8-9 बार टेंडर भी निकाला गया। लेकिन दोनो जगह सिर्फ आठ-आठ दुकान ही बिक पाए है। इन्ही खरीददारों को अगर कलेक्टर द्वारा पूर्व में अनुमति दी जाती तो तीस फीसदी छूट का लाभ मिल जाता। लेकिन सत्ता मे आई भाजपा की सरकार ने अप्रैल से रजिस्ट्री दर में तीस फीसदी छूट समाप्त कर दिया है।

## कलेक्टर की अनुमति के बाद निगम को मिला मालिकाना हक



### मिला मालिकाना हक, अब आरक्षण का पेंच

जानकारी अनुसार वर्ष 2018 से करोडों की लागत में बने दुकानों को बेचने की प्रक्रिया चल रही है। अफसरों के अनुसार इसे बिक्री करने में सबसे बडी परेशानी आरक्षण को लेकर आई है। विगत दिनों एमआईसी की बैठक में राज्य शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। जिसमें आरक्षण समाप्त करने की मांग की गई है। हांलाकि राज्य शासन द्वारा इस संबंध में कोई निर्णय जारी नही किए गए है। ऐसे में निगम को भले ही मालिकाना हक मिल गया, लेकिन दुकान बेचने के लिए चुनौती का सामना करना पडेगा।

### डेढ़ दर्जन खरीददार होंगे प्रभावित

निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने बताया कि, जलगृह कांम्पलेक्स और गंज चौक में दोनो जगह 8-8 दुकाने बेच दिए गए है। लेकिन निगम को नजूल की जमीन का मालिकाना हका नही मिलने से रजिस्ट्री रूकी हुई थी। लेकिन वर्तमान में निगम द्वारा नजूल जमीन के लिए राशि का भुगतान भी कर दिया गया है। ऐसे में खरीददारों को मालिकाना हक देने रजिस्ट्री कराई जाएगी। जिन्हें पूरा सौ फीसदी गाइडलाइन की दर देना होगा।

### निगम की बढ़ेगी आय, होगी रौनक

हांलाकि नगरनिगम के महापौर धीरज बाकलीवाल के लगातार प्रयास के बाद नजूल की जमीन का हस्तांतरण निगम को हो गया है। दोनो जगह बने दुकानों की अगर नीलामी हो गई थी। निगम को हर साल राजस्व में करोडों रूपए की आय होगी। राजस्व के साथ ही दोनो स्थानों पर व्यापारिक प्रतिष्ठान खुलने से रौनक बढेगी, वही प्रतिष्ठाने खुलने से आम लोगों को भी सहुलियत होगी।

### प्रक्रिया चल रही

जलगृह और गंज चौक की जमीन का निगम को हस्तांतरण हो चुका है। जल्द ही नीलामी के लिए प्रक्रिया तैयार की जाएगी। **-लोकेश चंद्राकर,** आयुक्त, ननि दुर्ग

# सफल क्रियान्वयन करना अधिकारियों की जिम्मेदारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ प्रदेश के महामहिम राज्यपाल रमेन डेका ने जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए सामुदायिक सहभागिता पर जोर देते हुए पर्यावरण संवर्धन के लिए सभी से एक पेड़ लगाने का आह्वान किया है। राज्यपाल श्री डेका आज लोक निर्माण विभाग के सभाकक्ष में आयोजित प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में उक्त आशय के विचार व्यक्त किया।

■ जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए सहभागिता जरूरी

राज्यपाल ने जिले में विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के अलावा सामाजिक हितों के लिए जिले में किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी ली। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि सरकार की योजनाओं का सफल क्रियान्वयन अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा सुनिश्चित किया जाता है। कल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन से इसका लाभ जन-जन तक पहुंचता है। उन्होंने अधिकारियों को दायित्वों का निर्वहन कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और समर्पण की भावना से करने कहा। राज्यपाल श्री डेका ने अधिकारियों से एजेण्डावार 20 विषयों पर विचार-विमर्श किया।

### इन योजनाओं की कलेक्टर ने दी जानकारियां

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले में जल संरक्षण एवं जागरूकता, वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण, जैविक खेती, स्वच्छता एवं जीवनशैली, बेहतर जीवन के लिए योग, टी.बी. उन्मूलन, लिंग अनुपात एवं बालिका शिक्षा, अनाथ बाल श्रम शिक्षा, एकीकृत पुस्तकालय, सामाजिक एवं नैतिक विकास, राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक विरासत, असहाय एवं परित्यक्त वरिष्ठ नागरिक, भिखारियों का पुनर्वास, एसएचजी आजीविका, नशा-मुक्ति एवं दुरुपयोग मुक्त नशा, सहकारिता संवर्धन, आदिवासी एवं वनवासी विकास, यातायात नियमों के प्रति जागरूकता एवं प्रवर्तन, रेड क्रॉस सोसायटी की उपलब्धियों के संबंध में पॉवर पांइट प्रेसेन्टेशन के माध्यम से महामहिम को अवगत कराया। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने राज्य सरकार द्वारा सामाजिक हितों पर किए जा रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी के साथ जिले की विकासात्मक गतिविधियों से भी अवगत कराया। बैठक में संभागायुक्त एसएन राठौर, पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, वनमंडलाधिकारी चंद्रशेखर परदेशी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

# 24 अगस्त के धरना प्रदर्शन में हजारों लोग होंगे शामिल : वोरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग की बैठक राजीव भवन में पूर्व विधायक अरुण वोरा, शहर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष गया पटेल मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष अलताफ अहमद कीउपस्थिति में हुई। बैठक में 24 अगस्त को 11 बजे हिंदी भवन के सामने होने वाले कांग्रेस के विशाल धरना प्रदर्शन के संबंध में चर्चा हुई।

■ मध्य ब्लॉक कांग्रेस की बैठक संपन्न

अरुण वोरा ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार काबिज है तब से प्रदेश की जनता के ऊपर कहर ढा रही है। विधायक देवेंद्र यादव को जिस तरह से षड्यंत्र रचकर झूठे केस लगाकर फंसाया गया है यह ही निंदनीय है और तानाशाही है हम इसका पुरजोर विरोध करेंगे। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार अपने मूल उद्देश्यों से भटकर विकास को भूल गई है आज किसान परेशान है युवा रोजगार मांग रहा है



रोजगार नहीं मिल रहा है महिलाओं को सुरक्षा नहीं मिल रही है महंगाई और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है और सरकार कुंभकरणीय नींद में सोई हुई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में होने वाले धरना प्रदर्शन में हजारों की संख्या में कांग्रेसी शामिल होकर भाजपा सरकार का विरोध करेंगे। बैठक में एमआईसी मेंबर पार्षद भोला महोबिया, नजहत परवीन, श्रद्धा सोनी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कन्या ढीमर, सरिता ताम्रकार, रानी देवांगन, पूर्व पार्षद अशोक कल्याण सिंह ठाकुर, अनीश रज़ा, पाशी अली, रामरतन जलतारे, गणेश सोनी, नवाब एजाज चौहान, डोमार सिंह राजपूत, वहीद चौहान, दिनेश बेलचंदन, थानेश्वर साहू, समयलाल साहू, अली असगर, रामरतन जलतारे, शत्रुघन चक्रधारी, जगमोहन ढीमर उपस्थित थे।

## अग्निवीर भर्ती हेतु निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु माह अप्रैल में आयोजित लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण प्रारम्भ हो गई है। उपसंचालक रोजगार राजकुमार कुर्रे से प्राप्त जानकारी अनुसार विकासखण्ड दुर्ग में 43, पाटन-13, धमधा-8 आवेदक प्रशिक्षण के पहले दिन उपस्थित हुए। रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में एनआईएस कोच विनोद नायर, पीटीआई बालकदास डाहरे, पाटन में ललित साहू, भवानी शंकर तथा धमधा में दुष्यंत महोबिया, शिवकुमार रजक द्वारा युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने लिखित परीक्षा पास कर ली है वे प्रशिक्षण के लिए अपने विकासखण्ड मुख्यालय स्थान रविशंकर स्टेडियम दुर्ग कॉलेज मैदान सिरनाभाठा धमधा खेल मैदान रेस्ट हाउस के पीछे पाटन में प्रातः 06 बजे उपस्थित हो सकते है। इच्छुक अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा हेतु जारी प्रवेश पत्र, परिचय पत्र, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस की छायाप्रति तथा 1 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ प्रशिक्षक के पास जमा करना होगा।

# पश्चिम बंगाल की घटना पर जताया आक्रोश आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पश्चिम बंगाल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुई विभत्स घटना से पूरा देश आहत है हर जगह विरोध प्रदर्शन और बलात्कारी हत्यारों को जल्द से जल्द कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए पूरा देश एकजुट होकर सरकार से गुहार लगा रहा है। इसी कड़ी में आरआरएस की सहयोगी संगठन दुर्ग जिला मुस्लिम राष्ट्रीय मंच छात्र एवं मदरसा के जिला अध्यक्ष खालिक रिजवी द्वारा राष्ट्रीय मुस्लिम मंच छात्र मदरसा के सदस्यों के साथ इंदिरा मार्केट में प्रदर्शन कर पुतला दहन किया गया। जिलाध्यक्ष खालिक रिजवी ने कहा कि बलात्कार के आरोपियों को किसी भी हालत में बक्शा नहीं जाना चाहिए और जल्द से जल्द कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए ताकि इस तरह के घृणित कार्य करने वालों को सबक मिले ।

■ ऐसे घृणित कार्य करने वाले को मिले कड़ी सजा



नारी के सम्मान के लिए जाना जाने वाला भारत देश जहां नारी को देवी का रूप माना जाता है ऐसे में इस तरह के घृणित कार्य करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के सदस्यों ने आक्रोश के साथ सरकार से गुहार लगाई कि जल्द से जल्द आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले और ट्रेनी डॉक्टर को इंसाफ मिले। विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन में खालिक जिलाध्यक्ष मुस्लिम राष्ट्रीय मंच, मीर अबरार, अरमान आलम, इमरान, इसराइल पवार, अंगू, साजिद खान, नौशाद कुरैशी, चीनी, नईम जफर, अलताफ खोखर, सोहेल, अनवर तबरेज खान खोखर, राजा, हसन पवार, सद्दाम चौहान, जावेद खोखर सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

**शिक्षक संगठनों ने डीपीआई, मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव को सौंपा ज्ञापन**

# युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में विसंगतियों को लेकर आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

स्कूल शिक्षा विभाग में वर्तमान में प्रक्रियाधीन युक्तियुक्तकरण के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देश को लेकर शिक्षक संगठन खुलकर सामने आ गए है। संगठनों ने विगत दिनों राज्य शासन को ज्ञापन देकर विभिन्न विसंगतियों की जानकारी दी है। बहरहाल युक्तियुक्तकरण को लेकर पनपे आक्रोश के कारण संगठनों ने 22 अगस्त को फिर से राज्य शासन के नाम ज्ञापन सौंपेगें।

■ आज फिर से राज्यशासन को सौंपेंगे ज्ञापन

शालेय शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ ने कहा है कि, निर्देशानुसार युक्तियुक्तकरण किए जाने की स्थिति में शिक्षा सत्र के मध्य में भारी अव्यवस्था व अनिश्चितता अवश्यंभावी है। शालेय शिक्षक संघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने कहा कि यद्यपि हमारा संगठन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व शिक्षक विहीन शालाओं में शिक्षक उपलब्ध कराने की शासन की पहल का पक्षधर है। परन्तु वर्तमान में जारी युक्तियुक्तकरण दिशानिर्देश और प्रक्रिया पूरी तरह से राजपत्र भर्ती पदोन्नति नियम 2019 व 2008 सेटअप तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति व शिक्षा के अधिकार अधिनियम का खुला उल्लंघन है। अतः संदर्भित निर्देशानुसार प्रक्रियाधीन युक्तियुक्तकरण को अविलंब स्थगित किया जावे, निर्देशों व प्रकिया की समीक्षा की जावे तथा संबंधित पक्षों से बातचीत कर सर्वसम्मति से समाधान निकाला जावे। प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने कहा कि, एकजुटता से परिस्थितियों का सामना करने, विभिन्न संगठनों के साथ मिलकर मोर्चा निर्माण कर समाधान के समुचित प्रयास किए जा रहे हैं। जिसमें सभी शिक्षक, कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता प्रदान करने की अपील करते हैं।




### आज संगठन के नेता देगें ज्ञापन

युक्तियुक्तकरण को लेकर विभिन्न संगठनों ने 22 अगस्त को डीईओ व कलेक्टर को राज्य शासन के नाम ज्ञापन देगें। ज्ञापन में युक्तियुक्तकरण की विसंगति दूर करने की मांग करेगें। शालेय शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि, ज्ञापन के बाद भी अगर गंभीरता नही दिखाई गई तो आगे चरणबध्द तरीके से आंदोलन किया जाएगा।

### इन समस्याओं को गिनाया

प्रांतीय महासचिव धर्मेश शर्मा द्वारा शालेय शिक्षक संघ की ओर से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम से शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी तथा DPI संचालक दिव्या उमेश मिश्रा से मिलकर ज्ञापन के जरिये युक्तियुक्तकरण में व्याप्त विसंगतियों व समस्याओं तथा सुझाव को उनके संज्ञान में लाया गया। जिसमें भर्ती, पदोन्नति, स्थानांतरण व प्रतिनियुक्ति में पदस्थापना के लिए सेट-अप, विषय व पद रिक्तता का ध्यान नहीं रखा गया। यहां तक की शिक्षक पद के लिए विषय के बंधन को भी समाप्त कर दिया गया। पदस्थापनाओं में निरंकुशता के चलते पिछले दिनों तात्कालीन शिक्षा मंत्री पर भी उंगली उठी तथा शिक्षा मंत्री भी बदले गए। इसी क्रम में चार संभागीय संयुक्त संचालक व अनेक अधिकारी कर्मचारी निलंबित भी हुए थे। इसके आलावा अन्य बिन्दुओं की भी जानकारी दी गई।

# जमीन बिक्री धोखाधड़ी मामले में नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पोटियाकला स्थित जमीन बिक्री की धोखाधड़ी के एक मामले में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा नोटिस जारी किया गया है। पीड़ित पदम जैन आ0 ज्ञानमल जैन गवलीपारा दुर्ग द्वारा राकेश जैन आ0 नेमीचंद जैन, प्रीतिबाला जैन ध.प. राजकुमार जैन, रोहितराज मोदी आ0 राजकुमार मोदी विद्युत नगर दुर्ग एवं जगदलपुर निवासी से पोटियाकला स्थित भूमि का बयाना राशि देकर इकरारनामा निष्पादित किया गया था। बाद में गवाह रोहितराज मोदी द्वारा उसी जमीन का आम मुख्तयार राकेश जैन एवं प्रीतिबाला जैन से प्राप्त करते हुए पदम जैन को बिक्री न करते हुए अन्य 10 व्यक्तियों को छलपूर्वक बिक्री कर दिया गया। सिटी कोतवाली दुर्ग में धोखाधड़ी की एक लिखित शिकायत की गई। मामले में कार्यवाही नहीं किए जाने पर पुलिस अधीक्षक से शिकायत की गई। उसके बाद भी प्रथम सूचना दर्ज नहीं होने पर दुर्ग न्यायालय में आवेदन पत्र प्रथम सूचना दर्ज करने के लिए प्रस्तुत किया गया। जिसे निरस्त करने के बाद पीड़ित अधिवक्ता नीरज चौबे के माध्यम से उच्च न्यायालय में रिट याचिका प्रस्तुत की गई। रिट याचिका स्वीकार करते हुए उक्त घोखाधड़ी के मामले में संबंधित पक्ष को नोटिस जारी किया गया है।

■ पीड़ित ने कोर्ट में लगाई थी न्याय के लिए याचिका

## खबर संक्षेप



### लक्ष्य कुमार को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

**पाटन।** पाटन में निवासरत गंगाराम निषाद के पुत्र लक्ष्य कुमार निषाद जो कि पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम अखरा पाटन में अध्यनरत हैं। इन्होंने पूरे दुर्ग जिला में भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किए हैं, जिसके तहत इन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित किया गया, जो कि निषाद केवट समाज के लिए बहुत ही गौरव की बात है। इस शानदार एवं गौरवशाली उपलब्धि के लिए साथ ही केवट निषाद समाज का नाम रोशन करने वाले मेधावी छात्र लक्ष्य कुमार को दुर्ग जिला निषाद समाज संगठन के अध्यक्ष डॉक्टर घनश्याम निषाद, उपाध्यक्ष बुधारू राम निषाद, सालिक राम निषाद सहित संतोष जलतारे, वीरेंद्र निषाद, खेलावन केवट, अशोक निषाद, ओमप्रकाश निषाद, संतोषी निषाद, मलेश निषाद, देवानन्द निषाद, रामेश्वर निषाद, भोज निषाद, कुलेश्वर निषाद, भीम निषाद, सुमन निषाद, हेमलता निषाद आदि ने बधाई दी।

## आदिवासी ध्रुव गोंड समाज ने किया विश्व आदिवासी त्योहार कार्यक्रम

# आदिवासी समाज के कारण ही देश व प्रदेश की प्रकृति और संस्कृति सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

### कार्यक्रम में 25 गांव के आदिवासी समाज के लोग हुए शामिल





ग्राम धौराभाठा में आदिवासी ध्रुव गोंड समाज द्वारा विश्व आदिवासी मूल निवासी परब तिहार कार्यक्रम का अयोजन रखा गया था। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संतलाल कोडप्पा अध्यक्ष आदिवासी ध्रुव गोंड समाज पाटन राज शामिल हुए।

इस दौरान उन्होंने बूढ़ादेव की पूजा अर्चना कर आदिवासी समाज को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रकृति और संस्कृति की रक्षा के साथ-साथ देश की रक्षा में भी आदिवासी समाज का योगदान अतुलनीय है। हमारे जल जंगल और जमीन की सुरक्षा एवं पर्यावरण के प्रति आदिवासी समाज के अटूट प्रेम की वजह से ही आज हमारे प्राकृतिक धरोहरों की सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामसुमेर कतलम अध्यक्ष धौराभाठा मुड़ा परिक्षेत्र, विशेष अतिथि निलेश कतलम पाटन राज कोषाध्यक्ष, मोहन नेताम बोरिद मुड़ा परिक्षेत्र,सतीश मंजू नेताम कोही मुड़ा परिक्षेत्र गोपाल ठाकुर पूर्व कोषाध्यक्ष सहित अन्य थे। मंच संचालन रूपेश नेताम ने किया। मौके पर प्रमुख रूप से परमानंद नेताम,चंद्रिका मंडावी,परमानंद छेदेया,सरोज मंडावी,कुमारी कोडप्पा,गिरिजा कोडप्पा,गीता पोलेडी,चैनबाई नेताम, लक्ष्मण मरकाम, पंचू नेताम, नरेश कोडप्पा, नरसिंह पोडेडी, अमृत मंडावी, राजेंद्र कंवर, गंगाधर मरकाम, दशरथ कतलम सहित बड़ी संख्या में 25 गांव के आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।

# महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या किए जाने के विरोध में निकाला कैंडल मार्च



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- अपराधियों को कठोर से कठोर सजा देने की मांग की

भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय महिला मोर्चा अध्यक्ष वानिती श्रीनिवासन और प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष शालिनी राजपूत के आह्वान में और भाजपा जिला अध्यक्ष महेश वर्मा के मार्गदर्शन और भिलाई जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा स्वीटी कौशिक के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल में हुए महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म एवं हत्या किए जाने के विरोध में कैंडल मार्च का मौन रैली निकाली गई। मौन रैली पावर हाउस चौक ओवर ब्रिज के नीचे निकाला गया। स्वीटी कौशिक ने कहा कि यह जो लगातार और अमानवीय कृत्य हो रहे हैं उसके खिलाफ मौन रैली निकाली गई। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री खुद एक महिला है, एक महिला होकर महिलाओं के साथ जो उत्पीड़न हो रहे हैं और जो निर्जातन हो रहे है उसके खिलाफ उनकी कोई भी कार्यवाही दिखती नहीं है। जो कि बहुत निंदनीय और कष्टदायक है। उसी के विरोध में ये रैली आज निकाली गई है, जो भी ऐसे कृत में शामिल है उनको कठोर से कठोर सजा दी जाने की मांग महिला मोर्चा भिलाई के द्वारा रखी गई। इस मौन कैंडल मार्च रैली में महिला मोर्चा की पदाधिकारी और आम लोगों ने भी सैकड़ों की संख्या में उपस्थित होकर अपना विरोध जताया।

इस कार्यक्रम में रश्मि सिंह, गीता विश्वकर्मा, सरला आचार्या, कंचन सिंह, पुष्पलताकर, सकून साहानी, रीता पांडे, पुष्पा गेण्ड्रे, दीपमाला सिंह, परमजीत कौर, मीनागिरी, बसंता खरे, अनीता वर्मा, इंदु कौर, रुक्खमणी साहू, रश्मि साहू, ज्योति साहू, लक्ष्मी बघेल, पूर्णिमा ठाकुर, सुरेखा देशमुख, सुरेखा पटेल, सविता नाहक, सीमा तिवारी बहुसंख्या में महिला मोर्चा की पदाधिकारी और कार्यकर्ताएं उपस्थित होकर ममता बनर्जी के खिलाफ विरोध प्रदर्शित किये।

## निधन

### छंदा पाठक



**दुर्ग।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंचशील नगर के प्राचार्य छंदा पाठक का लंबी बीमारी के पश्चात बुधवार को एमएमआई अस्पताल रायपुर में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा गुरुवार 22 अगस्त को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान एल आई जी- 10, पद्मनाभपुर,दुर्ग से शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।वे ज़िला उद्योग केंद्र के सेवानिवृत्त महाप्रबंधक अजय पाठक की पत्नी एवं अपूर्व तथा रिमझिम की मां थीं।

# राज्यपाल रमेन से मुलाकात और सामाजिक चर्चा की गई



**भिलाई।** बुधवार को सर्किट हाउस दुर्ग में छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल रमेन डेका के आगमन पर सौजन्य मुलाकात एवं सामाजिक चर्चा हुई। इस स्वागत अभिनंदन में भारतीय जनता पार्टी जिला दुर्ग उपाध्यक्ष अरविंद सिंह खुराना, भारतीय जनता पार्टी जिला महामंत्री मांझी प्रकोष्ठ एवं मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी के द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया।

# प्रयास आवासीय विद्यालय में तीन बच्चों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी




- प्राचार्या ने कहा -विद्यालय का नाम किया रौशन

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में इस सत्र 2024-25 में स्वामी आत्मानंद स्कूल जंजगिरी से कुल 3 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। प्रयास की मेंटोर शिक्षिका अंजना सिंह ने बताया कि नीतेश साहू, रुचि साहू एवं हिमांशु साहू इन तीनों का चयन कक्षा नवमीं के लिए प्रयास विद्यालय में हुआ है। नितेश साहू का चयन रायपुर के सड्डू प्रयास आवासीय विद्यालय में हुआ है, जबकि रुचि साहू एवं हिमांशु साहू की काउंसलिंग आगामी 25 अगस्त को होने वाली है इसके बाद उन्हें भी उनके द्वारा चयनित प्रयास आवासीय विद्यालय में स्थान मिल जाएगा। विद्यालय के किये यह एक बड़ी उपलब्धि है जिसके कारण समस्त शाला एवं अभिभावकों में हर्ष का माहौल है। मेंटोर शिक्षिका ने बताया की तीनों विद्यार्थियों ने इसके अतिरिक्त सैनिक स्कूल एवं एनएमएमएसई की परीक्षा में भी सफलता प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। प्रयास विद्यालयों की खासियत यह है कि छत्तीसगढ़ शासन के सभी पिछड़े जिलों में आईआईटी, जेईई, नीट, पीईटी एवं सीएलएटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी यहां निःशुल्क कराई जाती है और बच्चे इससे लगातार लाभान्वित भी हो रहे हैं। प्रयास विद्यालय पूरी तरह से निःशुल्क आवासीय स्कूल है। इस विद्यालय में प्रवेश के लिए प्रत्येक वर्ष राज्य शासन द्वारा एक कठिन प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की जाती है , जिसे आठवीं के बच्चे देते हैं ,और मेरिट में स्थान बनाने पर आठवीं के बच्चों को कक्षा 9 वी में मेरिट के हिसाब से प्रवेश मिलता है। विद्यालय की प्राचार्या मिनी गोपीनाथन ने मेंटोर शिक्षिका अंजना सिंह सहित तीनों बच्चों और उनके अभिभावकों को बधाई दी है।

## द्वादश ज्योतिर्लिंग में किया रुद्राभिषेक



**ननकट्ठी।** मेड़ेसरा ग्राम में स्थित श्री द्वादश ज्योतिर्लिंग में मंदिर के संस्थापक ध्रुव कुमार शर्मा पत्नी सुनीता शर्मा एवं समस्त गांव वासियों द्वारा रुद्राभिषेक किया गया। मंदिर परिसर में रुद्र का पाठ किया गया समस्त मंदिर में शिव मंत्र का उच्चारण किया गया व पूजन कार्य पंडित बालमुकुंद शर्मा द्वारा किया गया। मंदिर के सेवादार चेतराम साहू ने पूजन सामग्री काव्यवस्था किया, परिसर में स्थित मां शक्ति का भी पूजन अर्चना किया गया। मंदिर के पुजारी बालबन गोस्वामी ने बताया कि इस मंदिर में सावन मास में शिव भक्तों का तांता लगा रहता है, पूजन कार्य में सुनीता शर्मा अपने परिवार सहित एवं ग्राम वासियों को आमंत्रित कर पूजा का कार्यक्रम संपन्न किया। विशेष सहयोगी कार्यकर्ता सुखराम पटेल भी परिवार सहित उपस्थित थे विधि विधान से पूजन कार्य संपन्न हुआ एवं भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। इस पुण्य कार्य को सफल बनाने में पुष्पा राजपूत, सुषमा वर्मा ,अजय शर्मा, कौशल्या शर्मा, अश्वनी वर्मा, हेमंत वर्मा एवं ग्राम वासियों का योगदान रहा। दुर्ग से पधारे सत्यनारायण शर्मा, शिव तिवारी, एवं शिव पांडे ने बताया कि इस मंदिर में द्वादश ज्योतिर्लिंगों के दर्शन वपूजन एक ही स्थान पर होने से मनको शांति मिलती है।

## बिजनेस साइट

# मोशन, एमटीएसई 2024 के माध्यम से जेईई/एनईईटी उम्मीदवारों को 150 करोड़ रुपए की स्कॉलरशिप देगा



**भिलाई।** क्या आप बड़ा सपना देख रहे हैं? मोशन टैलेंट सर्च एग्जाम एमटीएसई आपकी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर है। मोशन- कोटा जो भारत के शिक्षा जगत में अपनी पहचान सबसे ज्यादा चयन के रूप में बना चुका है। एमटीएसई, एनईईटी और जेईई के छात्रों के लिए सबसे बड़ी स्कॉलरशिप परीक्षा है। इस परीक्षा का उद्देश्य एनईईटी-UG और आईआईटी-जेईई की परीक्षाओं में स्कॉलरशिप प्राप्त करने की इच्छा रखने वाले छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा और विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान करना है। एमटीएसई के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। परीक्षा का पहला चरण 29 सितंबर को रखा गया है और पहले चरण में ही सबसे ज्यादा छात्रों को स्कॉलरशिप मिलने की संभावना है। 29 सितंबर 2024 को ऑफलाइन परीक्षा चयनित केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। मोशन टैलेंट सर्च एग्जाम आपकी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर है, जिसमें कक्षा 8वीं से कक्षा 12वीं तक के सभी PCM/PCB समूह के छात्रों को जरूर भाग लेना चाहिए। इस परीक्षा में स्कॉलरशिप प्राप्त करने वाले शीर्ष 500 छात्रों को 100% मुफ्त कोचिंग दी जाएगी। साथ ही, कई छात्रों को 2 करोड़ से भी अधिक के कैश इनाम भी वितरित किए जाएंगे। यह योजना सेंट्रल कोटा द्वारा संचालित की जा रही है। छत्तीसगढ़ के सभी छात्र हमारी भिलाई शाखा में जरूर आएं और अपना रजिस्ट्रेशन शुल्क 100 रूपए के साथ अपना फॉर्म अभी से भरकर जल्दी ही स्कॉलरशिप परीक्षा का स्लॉट बुक करें। मोशन टैलेंट सर्च एग्जाम व स्टार बैच में एडमिशन पाने के लाभ इस प्रकार है जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर सभी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति और पुरस्कार अर्जित करने का एक अवसर, उच्च योग्य और अनुभवी संकाय टीम की देखरेख में लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अपने प्रयासों को निर्देशित करने का अवसर, सभी छात्रों का उच्च स्तर व एक-समान होने से उनको ऊँच व एडवांस लेवल के सवालों को समान रफ्तार के साथ समझने व हल करने में सरलता होना, स्टार फैकल्टी द्वारा 24 घंटे का विशेष सपोर्ट व ग्रुप में रहने का मौका, स्टार बैच केवल नॉन अटेडिंग स्कूल के छात्रों हेतु दो साल का विशेष प्रोग्राम है। अधिक जानकारी के लिए 152 न्यू सिविक सेण्टर, भिलाई में आकर संपर्क कर सकते हैं।



## कृषि के क्षेत्र में नवाचार को दिया जा रहा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

अटल इन्नोवेशन मिशन, नीति आयोग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के द्वारा संपूर्ण भारत में स्कूली बच्चों के बीच कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। वही इस उद्देश्य से 1375 अटल टिंकरिंग लैब को 275 केवीके और 275 एटीएमए के सहयोग से नीति आयोग के द्वारा राष्ट्रीय ओरिएंटेशन करने के लिए चयनित एटीएल स्कूलों में से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंडा के अटल टिक रिंग लैब के 43 विद्यार्थियों के लिए एक्सपोजर विजिट व ट्रेनिंग के लिए कृषि विज्ञान केंद्र अंजोरा में प्राचार्य सीमा जामुलकर के निर्देशानुसार, अटल टिंकरिंग लैब के दो प्रभारी शिक्षिकाओं रेणुका चंद्राकर व ममता वर्मा के साथ न्यूट्रीशन गार्डन, नेचुरल फार्मिंग, नर्सरी फ्रूट ऑर्चर्ड पंचगव्य सेंटर, डेयरी टेक्नोलॉजी, गोट यूनिट पोल्ट्री यूनिट आदि का विजिट कर ज्ञानवर्धक रोचक जानकारी प्राप्त किया गया।

# लोक कलाकार महेश और राजेंद्र ने कैलाश संग दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी



बलवीर सिह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में जोहर तिरंगा का छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग की ओर से भव्य आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में सूफियाना गायक एवं आध्यात्मिक आवाज के धनी कैलाश खेर कैलासा मुंबई से पधारे थे लगभग 15 000 दशकों से भरे इंडोर स्टेडियम में जब कैलाश खेर जब मंच पर पहुंचे तो दर्शकों ने हृदय से उनका अभिनंदन किया। कैलाश खेर ने अपने अंदाज में करीब डेढ़ घंटा तक लगातार अपनी प्रस्तुति दी और दर्शक मंत्र मुग्ध होकर सुनते रहे। बीच-बीच में कैलाश खेर दर्शकों को भी संबोधित करते रहे उन्होंने छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ शासन के बारे में अपने विचार प्रकट किये उन्होंने कहा कि रायपुर के बूढा तालाब में विवेकानंद नहाते थे इस तालाब के निकट ही उनका निवास था हम धन्य है ऐसे युग पुरुष का जहां निवास था उस जगह हम अपना यह कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे हैं कार्यक्रम की शुरुआत में ओपी चौधरी छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने लोगों को संबोधित किया । विशेष बात यह रही की भारत के अमृत कलश के आयोजन में लोक धारा कुम्हारी के अध्यक्ष राजेंद्र साहू लोक कलाकार मुंबई गए थे और दो माह तक कैलाश खेर के सानिध्य में ही रहे और उन्होंने छत्तीसगढ़ के लिए अमृत कलश के विजेता बनकर लौटे इस बात का ज़क्रि करते हुए कैलाश खेर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के कुम्हारी का एक कलाकार राजेंद्र साहू भारत के अमृत कलश कार्यक्रम में गए थे और आज वह यहां पर इंडोरर स्टेडियम में है उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि ऐसे कलाकार को भी आप संरक्षण दे महोदय यह बड़ी बात थी और लोकमया के अध्यक्ष महेश वर्मा रंगकर्मी एवं राजेंद्र साहू ने कैलाश खेर से औपचारिक मुलाकात कर उन्हें बधाई दी।

## नाम परिवर्तन

मैं मनोहर चतुर्वेदी पिता मंगला राम जाति सतनामी निवासी- सिरसाकला तह. भिलाई -3 जिला दुर्ग छ.ग. का हूं जो कि निम्नलिखित कथनकर शपथ पूर्वक प्रस्तुत करता हूं कि :-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।

2. यह कि मेरी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र नगर पालिक निगम भिलाई चरोदा से बना हुआ है। जिसका बु.क्र. 1965/39 रजि.क्र. 418 दिनांक 10/4/2002 है। जिसमें मेरी पुत्री का नाम धनेश्वरी सतनामी पिता मनोहर सतनामी माता सतवंतीन सतनामी दर्ज हो गया है।

3. यह कि उक्त जन्म प्रमाण पत्र में सतनामी जाति को कटवाकर सरनेम चतुर्वेदी दर्ज करवाना चाहता हूँ। जिसके लिए जो भी नियम होगी वह मान्य है ।

4. यह कि उक्त जन्म प्रमाण पत्र में पुत्री का नाम धनेश्वरी चतुर्वेदी पिता मनोहर चतुर्वेदी, माता सतवंतीन बाई दर्ज करवाना चाहता हूं। जिसके लिए यह शपथ पत्र श्रीमान सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना है।

अतः शपथ पत्र पेश है।

शपथकर्ता
मनोहर

## बिजनेस साइट

# वित्तीय स्वतंत्रता का आनंद लेने के लिए उत्सुक हैं? फ्रीडम एसआईपी का विकल्प चुनें



**कोमाना रजत गोपाल**
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, भिलाई

**भिलाई।** आप कितनी बार अपने आदर्श जीवन के बारे में सोचते हैं? एक ऐसा जीवन जहां आप अपनी कार्य आवश्यकताओं या वित्तीय आवश्यकताओं से बंधे नहीं हैं, और आपको यह चुनने की स्वतंत्रता है कि आप अपने दिन कैसे बिताते हैं - चाहे वह यात्रा और बागवानी जैसे शौक को पूरा करना हो, या बस पढ़ना और धीमी गति से जीवन का आनंद लेना हो। इससे प्रतीत होता है कि मायावी लक्ष्य को प्राप्त करने का एकमात्र तरीका वित्तीय स्वतंत्रता के माध्यम से है, और आप आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड्स के फ्रीडम एसआईपी को चुनकर वित्तीय रूप से स्वतंत्र हो सकते हैं जिसे आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल फ्रीडम एसआईपी के रूप में भी जाना जाता है। फ्रीडम एसआईपी के बारे में आपको जो कुछ भी जानना चाहिए, वह यहां है।

फ्रीडम एसआईपी एक अनूठी योजना है जो आपको प्रमाणित एसआईपी विधि के माध्यम से अपनी एसेट्स बढ़ाने की अनुमति देकर एक सैकेंडरी नकदी प्रवाह प्रदान करती है, और फिर एक प्रभावी सिस्टमेटिक विड्राल प्लान या एसडब्ल्यूपी के माध्यम से अपने मासिक नकदी प्रवाह का लाभ उठाती है। आप कुछ सरल चरणों का पालन करके ऐसी योजना के माध्यम से वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त कर सकते हैं - सबसे पहले, अपनी एसआईपी राशि चुनें, फिर अपनी अवधि और योजनाओं का सेट चुनें, जिसमें सोर्स प्लान शामिल है, जिसमें आप अपनी एसआईपी शुरू करेंगे, और आपकी लक्ष्य योजना, जो आपकी एसडब्ल्यूपी से जुड़ी योजना होगी, और अंत में अपनी एसडब्ल्यूपी राशि तय करें। जब तक लक्ष्य योजना में यूनिट्स उपलब्ध हैं, या म्यूचुअल फंड द्वारा तय तारीख तक आपको अपनी मासिक एसडब्ल्यूपी राशि प्राप्त होती रहेगी, जिससे आपको एक मासिक आय प्राप्त होगी जो आपकी आइडियल लाइफ को आगे बढ़ा सकती है।

फ्रीडम एसआईपी एक बेहतरीन लक्ष्य-आधारित निवेश समाधान है जो आपको अपनी पसंद की अवधि चुनने की आजादी देते हुए लंबी अवधि के निवेश की आदत डालने में मदद करता है। इसके अतिरिक्त, यह योजना आपको अपनी वित्तीय आवश्यकताओं और जोखिम उठाने की क्षमता के अनुरूप स्रोत और लक्ष्य योजनाओं की एक विस्तृत श्रृंखला से चुनने में सक्षम बनाती है, जिससे वित्तीय स्वतंत्रता की ओर यात्रा सहज और आसान हो जाती है।

सही म्यूचुअल फंड योजना चुनना और जितनी जल्दी हो सके अपनी फ्रीडम एसआईपी शुरू करना उचित है, क्योंकि आप जितने लंबे समय तक निवेशित रहेंगे, आपका मासिक एसडब्ल्यूपी भुगतान उतना ही बड़ा होगा। फ्रीडम एसआईपी के साथ, वित्तीय स्वतंत्रता अब आपके करीब है!

## ओम ज्वेलर्स में विशेष ऑफर को मिल रहा ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद




**भिलाई।** दुर्ग शहर के हृदय स्थल ओम ज्वेलर्स शॉप नंबर 64 बी इंदिरा मार्केट दुर्ग अपनी डिजाइन व और वैरायटी के सुप्रसिद्ध स्थान है एवं टोटल हॉल मार्क जेवर 18 कैरेट, 20k.22k न्यूनतम मजदूरी के साथ अपने ग्राहकों को हमेशा दी जा रही है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को हमेशा नग मीने कुंदन के ज़ेवर उपलब्ध नहीं करता बल्कि जिसमे ज्यादा लॉस न हो वही ज़ेवर प्रदान किया जाता है। हर 10 ग्राम खरीदी पर निश्चित कुछ ना कुछ गिफ्ट आइटम अपने ग्राहकों को प्रदान की जाती है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को टोटल शुद्ध हॉलमार्क के गहने प्रदान करता है वही पुराने गहनों की भी अच्छी दाम मे वापसी लेता है। ग्राहकों कि विश्वनीयता वर्षो से कायम है नए नए ग्राहकों जो ओम ज्वेलर्स से जुड़ रहे है वो निःसंकोच सरकार द्वारा प्रमाणित huid हॉलमार्क के गहने खरीद सकते है जो शत प्रतिशत खरी है। शादी में दुल्हनों के लिए एक से एक बढ़िया सोने चांदी के लेटेस्ट कलेक्शन गहनों का विशाल श्रृंखला है। देखने को मिलता है हमेशा ही लेटेस्ट व फ्रेश डिजाइन सीधा ग्राहकों को प्रदान की की जाती है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को टोटल शुद्ध हॉलमार्क के गहने प्रदान करता है वही पुराने गहनों की भी अच्छी दाम मे वापसी लेता है। ग्राहकों कि विश्वनीयता वर्षो से कायम है नए नए ग्राहकों जो ओम ज्वेलर्स से जुड़ रहे है वो निःसंकोच सरकार द्वारा प्रमाणित huid हॉलमार्क के गहने खरीद सकते है जो शत प्रतिशत खरी है। शादी में दुल्हनों के लिए एक से एक बढ़िया सोने चांदी के लेटेस्ट कलेक्शन गहनों का विशाल श्रृंखला है। देखने को मिलता है हमेशा ही लेटेस्ट व फ्रेश डिजाइन सीधा ग्राहकों को प्रदान की जाती है।

## आम सूचना

ललिता चौहान पति श्री गिरीश चौहान पता बिलासपुर द्वारा दिये गये अधिकार उपरान्त विक्रेता- (1) श्री मोहनलाल आ. श्री चैतराम गुप्ता (2) श्रीमती भोजकुमारी पति श्री मोहनलाल गुप्ता पता राजीव नगर दुर्ग क्रेता- श्रीमती अनिता देवी पति श्री नागेन्दर सिंह पता शंकर नगर दुर्ग मौजा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के तहत खसरा नं. 1277/157 रकबा 0.003 हे. 305 वर्गफीट रजिस्ट्री दिनांक 09/03/2010 ग्रन्थ नं. 20797 पृष्ठ नं. 14-20, दस्तावेज नं. 3570 अ, उप-पंजीयक दुर्ग की मूल रजिस्ट्री एवं अनिता देवी का ऋण पुस्तिका नं. 1124449 कहीं गुम हो गया है उक्त मूल रजिस्ट्री स्टाम्प का कोई दुरूपयोग ना करे अतएव आम जनता जो कि उक्त जमीन / मकान के संबंध में किसी प्रकार का स्वत्वः स्वामित्व रखता हो तो इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय मे उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि अवसर पश्चात किसी प्रकार की दावा आपत्ति शून्य एवं निष्प्रभावी होगा।

दिनांक :- 20/08/2024
स्थान :- दुर्ग

ललिता चौहान

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय

श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# बरसात में ओवरब्रिज और फ्लाईओवर पर पसरा हुआ है अंधेरा

## सुपेला चौक और पावरहाउस चौक ब्रिज पर नहीं जलती सभी स्ट्रीट लाइटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बारिश के मौसम में शहर के कुछ ओवरब्रिजों में स्ट्रीट लाइट की समस्या से वाहनचालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में आधी अधूरी लाइट चलने से अंधेरे के कारण आवागमन जोखिमपूर्ण बना हुआ है। इस मामले में नगर निगम और नेशनल हाईवे विभाग उदासीन है।

भिलाई में ओवरब्रिजों और फ्लाईओवर से शहर में ट्रैफिक का दबाव कम और सुगम हुआ है। लेकिन इसके साथ ही स्ट्रीट लाइट सिस्टम खराब होने से ब्रिजों के ऊपर रोशनी कम होने से वाहनचालकों को परेशानी हो रही है। बारिश के मौसम में फ्लाईओवरों पर अंधेरा दुर्घटना को भी दावत दे रहा है। भिलाई दुर्ग को जोड़ने वाले वायशेप फ्लाईओवर पर दोनों ओर लाइटें नियमित नहीं जल रही हैं। सीएएफ भिलाई की ओर सड़क पर कई लाइटें नहीं जल रही हैं। इसी तरह कई दिन 23 बंगला साइट की भी स्ट्रीट लाइटें नहीं चलती हैं। इसी तरह मात्र तीन महीने पहले उद्घाटित सुपेला चौक चंद्रामौर्या फ्लाईओवर पर भी सभी लाइटें रोज नहीं चल रही हैं। जबकि यह फ्लाईओवर भी फोरलेन पर बना है। इस पर लोकल वाहनों के साथ अंतरराज्यीय भारी वाहनों को भी चौबीस घंटे आवागमन होता है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि नगर निगम और नेशनल हाइवे विभाग की सुस्ती दुर्घटना को आमंत्रित कर रही है।



### पावरहाउस चौक ओवरब्रिज में अंधेरा

पावरहाउस चौक ओवरब्रिज व अंडरब्रिज दोनों डेंजर जोन बन चुके हैं। प्रदेश कांग्रेस के राजेंद्र ताम्रकार ने बताया कि कई बार स्ट्रीट लाइट सहित अन्य समस्याओं के निदान की मांग नगर निगम अधिकारियों कर चुके हैं लेकिन समस्या का स्थाई निदान अब तक नहीं किया गया है। ओवरब्रिज की कई लाइटों के खराब होने के साथ कई बिजली पोल भी जर्जर हो टेढ़े हो गए हैं। ब्रिज पर से बीएसपी व औद्योगिक क्षेत्र के भारी व लोकल वाहन गुजरते हैं। दोनों ओर की लोहे की ग्रिल का बड़ा हिस्सा चोर गायब कर चुके हैं। ओवरब्रिज के ऊपर से फ्लाईओवर गुजरता है। भारी ट्रैफिक को देखते हुए पर्याप्त लाइट के साथ ब्रिज की भी मरम्मत जरुरी है। नीचे अंडरब्रिज में भी रायपुर की ओर पांच स्ट्रीट लाइट पोल की जरूरत है। निगम ने सिर्फ तीन लाइटें लगाई हैं।

## खबर संक्षेप



### सीएसआर का पुरैना में चिकित्सा शिविर

**भिलाई।** बीएसपी सीएसआर द्वारा मंगलवार को स्टोर पारा पुरैना में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सक डां. राहुल सिंगरोल, रेखा देव, सुशन जैकब व आशतोष सोनी ने सेवाएं दीं। शिविर में 26 पुरुष, 28 महिला तथा 14 बच्चों की जांच कर निःशुल्क दवाएं प्रदान की गई।

### सड़क हादसे में पांच मवेशी घायल

**भिलाई।** तेज रफ्तार वाहन ने सड़क पर बैठी पांच मवेशियों को ठोक दिया। घटना में एक मवेशी की मौत हो गई। घटना सेंट्रल एवेन्यू रोड पर सेक्टर 3 सीआईएसएफ के ऑफिस के सामने की घटना है। घटना में चार मवेशी को चोट आई है। पुलिस ने मवेशियों को उपचार के लिए अस्पताल पहुचाया।

### कोक ओवन के कर्मियों को मिला शिरोमणी



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवंस में पाली एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तरूण कनरार थे। उन्होंने अप्रैल के लिए जूनियर ऑफिसर पी सुरेश नायर को पाली शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया। मास्टर टेक्नीशियन दिल्पत दास मानिकपुरी और मास्टर ऑपरेटर भोपाल सिंह ब्रहेंन को जुलाई के लिए कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया। विजेताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र तथा उनके जीवनसाथी के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। कनरार ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने सुरक्षा को प्राथमिकता देकर आगे भी इसी तरह लगन से कार्य करते रहने का आह्वान किया। कार्यक्र में महाप्रबंधक झगर सिंह, बीसी मंडल, टी उमाशंकर, वरिष्ठ प्रबंधक गुरशरण सिंह, एस डेनियल तथा श्री रामू रंजन मेहर आदि अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कार्मिक अधिकारी मारेपल्ली तन्मयी तथा सेक्शन ऑफिसर मोहम्मद अनीस नजीर ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## मैदान गड्ढों से है उबड़-खाबड़, जर्जर हो रहा काम्पलेक्स

# खुर्सीपार में करोड़ों का स्टेडियम उपेक्षित, खिलाड़ी कहां करें अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पेरिस ओलंम्पिक में भारत को छह पदक मिलने और रेसलिंग में विनेश फोगाट के फायनल में पहुंचने की खुशी के साथ इतने बड़े देश के स्वर्ण पदक के लिए तरसने का रोना इस बार भी रोया जा रहा है। खेल सुविधाओं और संसाधनों की बदहाली की मिसाल करोड़ों की लागत से बना खुर्सीपार स्थित दीनदयाल स्टेडियम है। नगर निगम द्वारा निर्मित यह खेल परिसर वर्षों से उपेक्षित है। इससे बच्चों और खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बड़ी खेल प्रतिभाओं को तैयार करने दो दशक पूर्व करोड़ों की लागत से निर्मित यह दोमंजिला स्टेडियम संधारण के लिए तरस रहा है। स्टेडियम भवन जगह जगह से जर्जर होने के साथ मैदान भी ऊपड़ खाबड़ और गड्ढों से युक्त है। बारिश के मौसम में मैदान और इसके आसपास जलभराव की समस्या बनी रहती है। नगर निगम द्वारा नियमित रखरखाव व मरम्मत नहीं किए जाने से सभी खेलों के खिलाड़ियों के लगभग अनुपयोगी बनकर रह गया है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि कई बार मांग किए जाने के बाद भी स्टेडियम की मरम्मत और सुविधाओं को अपडेट नहीं किया जा रहा है। इससे खुर्सीपार सहित आसपास के वार्डों के खिलाड़ियों और बच्चों को असुविधा के साथ परेशानी हो रही है।

### खिलाड़ियों ने की नये सिरे से कायाकल्प करने की मांग



### दुकानें खाली व जर्जर

दोमंजिला स्टेडियम के चारों ओर शापिंग काम्पलेक्सनुमा दुकानें बनाई बनाई गई थीं। ऊपर भी कमरे, आफिस स्टोर, रेस्टरुम आदि बनाए गए थे। लेकिन अधिकतर दुकानें खाली पड़ी जर्जर हो रही हैं। सीपेज और पानी टपकने की समस्या है। बैठक व्यवस्था भी टूटफूट है। खिलाड़ियों ने बताया कि भिलाई में कई नेशनल व स्टेट खिलाड़ी दिए हैं। इस स्टेडियम का संधारण कर सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं तो वरिष्ठ खिलाड़ियों के साथ बच्चे भी अभ्यास से बड़े खिलाड़ी बन सकते हैं। स्टेट व नेशनल खेल प्रतियोगिताएं भी नियमित हो सकती हैं।

### सुरक्षा जवानों का हाल्टिंग सेंटर

वर्षों से उपेक्षित पड़ा खुर्सीपार स्टेडियम गाहे बगाहे सुरक्षा जवानों के हाल्टिंग सेंटर के काम आ रहा है। लोकसभा व विधानसभा चुनाव के साथ नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत बस्तर जाने के पूर्व सुरक्षा जवान यहां खाली कमरों में ठहरते हैं। नगर निगम द्वारा स्टेडियम का इस रुप में भी उपयोग किया जा रहा है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि स्टेडियम का सदुपयोग खिलाड़ियों के लिए हो सके, इसके लिए इसे आज के अनुरुप सर्वसुविधायुक्त बनाने की जरुरत है। इससे शहर की खेल प्रतिभाओं को देश विदेश में खेल प्रतिभाओं में अपना जौहर दिखाने का अवसर मिलेगा।

# टाउनशिप के साप्ताहिक बाजारों में आवारा मवेशियों का उत्पात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिपवासियों को साप्ताहिक सब्जी मार्केटों की बदहाली का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। उपेक्षा के चलते सब्जी व्यवसायियों और खरीदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। व्यवसायियों ने नगर निगम से समस्या के निदान की मांग की है।

■ पांच सब्जी बाजारों में कीचड़ व जलजमाव से व्यवसायी परेशान

टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों में पांच साप्ताहिक सब्जी बाजार लगते हैं। इनमें गुरुवार को सेक्टर 7 मैदान में, शनिवार को सेक्टर 1, बुधवार हुडको सेक्टर, और सेक्टर 4 में बोरिया मार्केट भरता है। लेकिन सभी बाजारा में बुनियादी सुविधाएं बदहाल होने से व्यवसायियों और खरीदारी करने आने वालों को परेशानी हो रही है। सबसे ज्यादा परेशानी सेक्टर 7 और हुडको साप्ताहिक बाजार में हो रही है। बाजार मैदान में आवारा मवेशियों की सबसे बडडी समस्या है। पचासों आवारा मवेशी सब्जियों को नुकासन पहुंचाने के साथ अब तक कई लोगों को घायल कर चुके हैं। सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि मवेशी सब्जी पसरा दुकानों में मुंह मारने के साथ लोगों को चोटिल कर दोपहिया वाहनों को गिरा दे रहे हैं।

### कीचड़ में फिसल रही महिलाएं बच्चे

हुडको और सेक्टर 7 मैदान साप्ताहिक बाजार में बारिश के मौसम में खरीदारों को भारी परेशानी हो रही है। मैदान में बारिश के जलजमाव कीचड़ के कारण खरीदारों और व्यवसायियों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पसरा दुकानों के सामने से आवार मवेशियों से बचने के प्रयास में कई महिलाएं बच्चे फिसल कर गिर रहे हैं। व्यवसायियों ने बताया कि नगर निगम को आवारा मवेशियों की धरपकड़ के साथ बारिश होने पर मैदान में बजरी डलवाने की जरुरत है।

# भिलाई इस्पात संयंत्र में राज्यपाल रमेन डेका ने फौलाद ढलते देखा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ के नवपदस्थ राज्यपाल रमेन डेका एक दिवसीय प्रवास पर भिलाई पहुंचे। उन्होंने भिलाई इस्पात संयंत्र का दौरा किया। उनका स्वागत बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता तथा कार्यपालक निदेशकों ने किया। श्री डेका संयंत्र के मेन गेट स्थित सुरक्षा उत्कृष्टता केन्द्र पहुंचे, जहां उन्हें सीआईएसएफ द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया और संयंत्र भ्रमण के दौरान उन्हें आवश्यक सुरक्षा निर्देशों से अवगत कराया गया। उनके साथ सांसद विजय बघेल भी उपस्थित थे। पहली बार बीएसपी पहुंचे राज्यपाल श्री डेका ने संयंत्र का अवलोकन कर लौह और इस्पात उत्पादन की प्रकिया का निरीक्षण किया। उन्होंने ब्लास्ट फर्नेस–8 में हाट मेटल उत्पादन, एसएमएस–3 में क्रूड स्टील उत्पादन, यूआरएम में विश्व की सबसे लंबी 130 मीटर रेल की रोलिंग प्रक्रिया को नजदीक से देखा। भ्रमण के दौरान उनके साथा श्री अनिर्बान दासगुप्ता, कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार व पवन कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

■ बीएसपी के दौरे पर डायरेक्टर इंचार्ज ने किया स्वागत



## पद्मश्री फूलबासन ने सांसद विजय को बांधा रक्षासूत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रसिद्ध समाजसेविका पद्मश्री फूलबासन देवी अपने मुंहबोले भाई सांसद विजय बघेल के निवास पहुंचकर राखी बांधी। उन्होंने उनका मुंह मीठा करवाकर अपने मुंहबोले भाई की लंबी उम्र और प्रगति की कामना की। श्री बघेल ने भी अपनी बहन फुलबासन को आजीवन रक्षा का वचन दिया। दोनों के बीच पारिवारिक चर्चा हुई पारिवारिक चर्चा के दौरान सांसद ने कहा कि अपने लोकसभा क्षेत्र में महिला सुरक्षा मेरी प्राथमिकता है। कोलकाता की घटना पीड़ादायी है। उल्लेखनीय है कि फुलबासन यादव ने तीस वर्ष से महिलाओं को सशक्त, सुदृण और आत्म निर्भर बनाने के लिए महिलाओं को समूह से जोड़ना शुरू किया और 8 लाख महिलाओं की भागीदारी की। अपने सामाजिक संगठन माँ बम्लेश्वरी महिला स्व सहायता समूह के रचनात्मक कार्यों के लिए उन्हें 2012 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया। वे नीति आयोग की सदस्य भी रहीं।

# पिछड़ा वर्ग सर्वे की तैयारी में जुटा भिलाई निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

निगम भिलाई आयुक्त के निर्देश पर अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने निगम सभागार में अधिकारियों की समीक्षा बैठक बुलाई। बैठक में शहर के नागरिको की मांग एवं शिकायत के निराकरण के विषयों पर प्रमुखता से चर्चा की गई। जिससे नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जा सके।

■ निगम सभागार में प्रमुख विषयों पर समीक्षा की

अपर आयुक्त ने सभी अधिकारियो को निर्देशित किये है, कि कलेक्टर जनदर्शन, कलेक्टर जन शिकायत, कलेक्टर जनचौपाल, मुख्यमंत्री जनदर्शन, साारर्थी एप में प्राप्त मांग एवं शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिये हैं। 5 अगस्त से पहले जो भी मांग एवं शिकायत प्राप्त हुए है, उसको तत्काल निराकरण करने कहा गया है। नागरिकों की सुविधा के लिए पानी, बिजली, सफाई एवं राशन कार्ड आदि का जनसमस्या निवारण शिविर लगाया गया था। इसमें भी नागरिको द्वारा मांग एवं शिकायत की गई है, जिसका निराकरण भी शीध्र करने के निर्देश दिये है। इसी प्रकार जी.व्ही.पी. के तहत रेड स्पॉट, येलो स्पॉट का निरीक्षण कर व्यवस्था को सुदृड़ बनाते हुए निराकरण करने को कहा गया है। नगर निगम भिलाई अंतर्गत त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए रोड के किनारे सामग्री बेचने वालों पर कार्यवाही करते हुए सामग्री को हटाने को कहा गया है। मौसमी बीमारी जैसे- पीलिया, डायरिया, डेंगू लगातार सर्वे कर उचित निर्णय लिये जाने को कहा गया है। जहां भी बीमारी प्रभावित क्षेत्र है वहां के पानी सेंपल लेकर जॉच कराने के निर्देश दिये है।

रोका छेका अभियान द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवारा बैठे एवं घूम रहे मवेशी को पकड़ने तथा मवेशी मालिको पर अर्थदण्ड की कार्यवाही करने को कहा गया है। इसी कड़ी में ओबीसी सर्वे के लिए बीएलओ के साथ ऑपरेटरों की डयूटी लगाकर कार्य कराये जाने के निर्देश दिये है। बैठक में उपायुक्त, सर्व जोन आयुक्त, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, राजस्व अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी, उद्यान अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## परिवार के लोग परेशान, वार्ड 28 के घर पर निकल रहा है

# बोर से निकल रहा है खौलता गर्म पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

घर के बोर से खौलता पानी निकल रहा है। इसे देख आसपास के लोग इसे चमत्कार ही मान रहे है। बारिश के मौसम में भी इतना गर्म पानी बोर से निकलने से परिवार के लोग हैरान हैं। गर्म पानी निकलने को लेकर आसपास के लोग इसे देखने पहुच रहे है। यह घटना नगर पालिक निगम भिलाई के वार्ड 28 का है। मिली जानकारी के मुताबिक वार्ड-38 शहीद वीर नारायण निवासी प्रेमा देवी के घर पर बोर है। यहां 28 साल पहले बोर खो खुदवाया गया था। कभी इस बोर में गर्म पानी नहीं आया, लेकिन पिछले 15 दिनों से इसमें खौलता हुआ पानी निकल रहा है। मौके पर निगम के लैब टेक्नीशियन पहुचकर जांचा परखा लेकिन उसने भी अपना हाथ खडा कर दिया। प्रेमा देवी ने बताया कि बोर से गर्म पानी आने से वे काफी परेशान हैं। कुछ दिनों तक तो घर के लोगों को कुछ समझ ही नहीं आया कि क्या हो रहा है। कहीं ये पानी उनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक ना हो इसलिए जांच भी कराई। इसके लिए एक हजार रुपए फीस देकर निगम के लैब में इसकी जांच की गई। टेक्नीशियन ने उन्हें बताया कि पानी सही है पीने लायक है, लेकिन गर्म पानी क्यों आ रहा है इसके बारे में नहीं कह सकते।



### हाथ पर फफोले भी पड़ जाता है

प्रेमा देवी का कहना है कि बोर का पानी इतना खौलता हुआ रहता है कि अगर किसी का अचानक हाथ पड जाए तो फफोले पड़ जाएंगे। एक दिन उनके घर की एक महिला के ऊपर बाल्टी से पानी छलक कर गिर गया तो उनका पैर जल गया था। पानी इतना गर्म रहता है कि नहाते समय पूरा बाथरूम भाप से भर जाता है। पानी इतना गर्म रहता है कि पाइप लाइन तक हीट हो जाती है।

# 400 की आबादी में आंगनबाड़ी नहीं, कुपोषित हो रहे हैं बच्चे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई नगर रेलवे कॉलोनी सेक्टर-7 रेलवे स्टेशन के पास 400 घर होने के बावजूद यहां पर आंगनबाड़ी नहीं है। यहां बस्ती में 10 वर्ष तक के लगभग 100 से ज्यादा बच्चे हैं जिनके लिए आंगनबाड़ी की व्यवस्था नहीं होने से बच्चे कुपोषण का शिकार हो रहे हैं। वहीं गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार नहीं मिल पा रहा है जिसके कारण शिशु भी कुपोषित है। सरकार द्वारा इतनी सारी योजनाएं होने के बावजूद यहां आंगनबाड़ी नहीं होने से लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। बीजेपी बूथ अध्यक्ष राजा सोनानी, मीना बघेल और प्रमिला सहित अन्य लोगों ने मांग की है कि बस्ती में आंगनबाड़ी खोली जाए।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 22 अगस्त 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129






गेटवे ऑफ़ इंडिया की रौनक

## लाइव इवेंट

### सरयूपारीण महिला ब्राह्मण समाज की नई कार्यकारिणी गढ़ेगी नए आयाम



**दुर्ग।** सरयूपारीण छत्तीसगढ़ी महिला ब्राह्मण समाज की महिलाओं की नई कार्यकारिणी समाज के लिए नए निर्णय लेकर आगे बढ़ायेगी। साथ ही समाज को सर्वश्रेष्ठ बनाने नित नए आयाम गढ़ेगे। यह बातें ब्राम्हण समाज की नए पदाधिकरियों ने चुनाव के दौरान कही। सरयूपारीण छत्तीसगढ़ी महिला ब्राह्मण समाज की अध्यक्ष संगीता शर्मा और सचिव किरण मिश्रा बनाई गई है। समाज की महिला इकाई का यह चुनाव लुचकी तालाब स्थित ब्राह्मण समाज भवन में संरक्षक भारती दुबे एवं पूर्व अध्यक्ष अनीता पांडेय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। नवीन कार्यकारिणी का कार्यकाल 3 वर्ष का होगा। चुनावी प्रक्रिया में समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नवीन कार्यकारिणी के चुनाव से ब्राह्मण समाज में उत्साह का माहौल है। नवीन कार्यकारिणी में संरक्षक का दायित्व भारती दुबे और अनीता पांडेय संभालेंगे। उपाध्यक्ष सरिता मिश्रा, अर्पणा तिवारी, सह सचिव रानी उपाध्याय, कोषाध्यक्ष तनु मिश्रा, सह कोषाध्यक्ष ममता तिवारी चुनी गई है। विशेष सलाहकर शकुंतला चौबे व शीला चौबे बनाए गए हैं। इसी प्रकार सांस्कृतिक सचिव सुषमा तिवारी, राजेश्वरी मिश्रा, संगीता मिश्रा, रंजना शर्मा, प्रशिला शर्मा, श्वेता शुक्ला, संगठन सचिव विजय लक्ष्मी दुबे, मंजूलता मिश्रा, दुलारी शर्मा, अनीता दीवान, ममता पांडे, मीडिया प्रभारी मिली शर्मा, सपना शर्मा, धार्मिक कार्यक्रम प्रभारी आशा चौबे, भारती दीवान, प्रभा शर्मा बनाई गई है।



● भिलाई लोधी क्षत्रिय समाज का आयोजन, वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

# विभिन्न क्षेत्रों से निकली भोजली यात्रा, रथ पर सवार हुई वीरांगनाएं पारंपरिक वेशभूषा में दी लोक नृत्यों की आकर्षक प्रस्तुति

लोधी क्षत्रिय समाज भिलाई एवं दुर्ग द्वारा रक्षाबंधन एवं भोजली त्यौहार के अवसर पर लोधी समाज के पारंपरिक भोजली शोभा यात्रा गाजे-बाजे की धुन में हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। यह यात्रा लोधी भवन कोहका से सिरसा रोड होते हुए आर्य नगर शीतल तालाब में पहुंची, जहां भोजली विसर्जित किया गया। भोजली पर्व पूरे छत्तीसगढ़ में लोधी समाज के लोग परंपरानुसार मानाते हैं। भोजली यात्रा की शुरुआत विधिविधान से पूजा-अर्चना कर की गई। वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना पश्चात विभिन्न क्षेत्रों से लेकर आए भोजली की पूजा अर्चना करके भवन से शोभायात्रा निकाली गई।







### यह रहे उपस्थित

भोजली की शोभायात्रा में काफी संख्या में समाज के इकाई अध्यक्ष अनीता वर्मा, पुष्पा जंघेल, विजय जंघेल, अशोक वर्मा, द्वारिका वर्मा, दीपक जंघेल, इंद्रजीत सिंह वर्मा, फतेह लाल जंगल, रामावतार जंघेल, गणेश वर्मा, किशोर वर्मा, रूपेंद्र वर्मा, भूषण वर्मा, पंचूराम जंघेल सहित इकाई के समस्त पदाधिकारी, सामाजिक महिलाएं, पुरुष, युवा व बुजुर्ग उपस्थित थे।

**भिलाई।** शोभायात्रा में मुख्य अतिथि विधायक रिकेश सेन, विशेष अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, लालचंद वर्मा, लोधी समाज राष्ट्रीय सचिव रमेश पटेल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष उत्तम चंदेल ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय समिति के उपाध्यक्ष विशाल राम वर्मा, महासचिव राजेश जंघेल, कोषाध्यक्ष रामावतार चंदेल, अंकेक्षक मनीराम वर्मा, संरक्षक रोहित उपस्थित थे।



### पारंपरिक वेशभूषा में दी लोक नृत्यों की प्रस्तुति

इस अवसर पर बजरंगपारा पूर्व इकाई द्वारा चलचित्र झांकी के साथ पारंपरिक वेशभूषा में कतारबध म[illegible] बालिकाओं ने सिर पर टोकरी लेकर शोभायात्रा निकाली। साथ ही सुसज्जित रथ में सवार वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की वेशभूषा में एक बालिका, तीन घोड़े में सवार तीन बालिकाओं ने शोभायात्रा की अगुवाई की। महादेव व पार्वती की वेशभूषा में लोक कलाकारों द्वारा शिव के गणों के रूप में लोक नृत्य की झांकी के साथ नृत्य करते हुए, पारंपरिक लोधी वेशभूषा में महिला समिति एवं विभिन्न इकाई से आए हुए महिलाएं एवं बालिकाओं ने लोक नृत्य व संगीत की शानदार प्रस्तुति दी।

### भोजली देकर एक दूसरे को दी बधाई

भोजली यात्रा के दौरान नाचा के साथ लोधी समाज के पुरुष व बच्चों ने हाथों में झंडा लेकर जयकारे लगाते हुए हजारों की संख्या में इस शोभायात्रा में सम्मिलित हुए। इस दौरान जमकर आतिशबाजी युवाओं द्वारा की गई। शोभायात्रा सिरसा रोड होते हुए शीतल तालाब आर्यनगर में विसर्जित किया गया। विसर्जन के बाद भोजली को एक दूसरे के कान में डालकर गले लगाते हुए एक दूसरे को रक्षाबंधन एवं भोजली पर्व की बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी गई। बड़ी संख्या में महिलाओं द्वारा पारंपरिक सुवा नृत्य किया गया। जिसके बाद प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन हुआ।



## सिटी इवेंट

### कालेज में एंटी रैगिंग जागरुकता सप्ताह का किया गया आयोजन



**भिलाई।** कॉलेज खुलने के साथ ही युवाओं के मन में जहां स्कूल लाईफ के अनुशासन को तोड़ अपने तरीके से जीवन जीने का उमंग रहता है तो वहीं कई युवा विद्यार्थियों के मन में रैंगिग का भय पूरे साल भर सताता है। जिसके डर से कई बच्चें कॉलेज जाने से कतराते है और कई तो अपने जीवन को नष्ट करने पर उतारू हो जाते है। रैगिंग की इस जटिल समस्या का निवारण करने सेंट थॉमस महाविद्यालय रूआबांधा भिलाई में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा अनुशासन एवं एंटी रैगिंग समिति के संयुक्त तत्वावधान में एंटी रैगिंग जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सभी छात्र-छात्राओं को रैगिंग से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गयी तथा रैगिंग में लिप्त पाए जाने पर कानूनी धाराओं एवं उसके अंतर्गत दिए जाने वाले दंड की जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एमजी रोईमोन ने सभी छात्र-छात्राओं को रैगिंग संबंधित किसी भी गतिविधि में सम्मिलित ना होने के लिए शपथ दिलाई। साथ ही एक लघु चलचित्र के माध्यम से उन्हें समझाया गया कि रैगिंग से सभी छात्र-छात्राओं को किस हद तक शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक नुकसान हो सकता है। सभी छात्र - छात्राओं के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी जिसके विजेताओं को दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के विधायक ललित चंद्राकर द्वारा प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में सभी छात्र - छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं रैगिंग के दुष्प्रभावों की जानकारी प्राप्त करते हुए इससे दूर रहने का सकंल्प लिया। आयोजन में सभी विभागों के छात्र - छात्राओं एवं प्राध्यापकों का सहयोग रही। कार्यक्रम अनुशासन एवं एंटी रैगिंग समिति के संयोजक कैलाश नारायण वर्मा एवं सह संयोजक डॉ रिंसी बी अब्राहम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।



# केंद्रीय जेल में पुरुष बंदियों का किया दंत परीक्षण, पायरिया से बचने दी सलाह



**भिलाई।** केंद्रीय जेल में पुरुष बंदियों का दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन श्री सत्य साई सेवा समिति के सेवा और रचनात्मक कार्य के अंतर्गत किया गया। शिविर में लगभग 45 चिन्हित पुरुष बंदियों के दांतों की जांच दंत चिकित्सक डॉ अभिषेक खरे, डॉ सौरभ द्वारा की गई। इस दौरान अधिकांश बंदियों के दांत सड़े हुए व कुछ पायरिया रोग से ग्रसित थे। जिन्हें चिकित्सा परामर्श दिया गया। बंदियों को आध्यात्मिक ज्ञान और अपराध पर मूल्यवान चिंतन की सत्य साई सेवा समिति के अरुणेश श्रीवास्तव द्वारा बताई गई साथ ही सदस्यों ने भजनों की भी प्रस्तुति दी। प्रायोजित शिविर में केंद्रीय जेल संदर्शक नीलू सिंह, जेल प्रशासन से जेल अधीक्षक मनीष संभाकार, उप जेल अधीक्षक एलएल ठाकुर, मुख्य प्रहरी रमेश बरसे, फॉर्मेस्टिस्ट डीएस कोसरे, प्रहरी गोपाल कश्यप, श्री सत्य साईं सेवा समिति से आरके तिवारी, हरिश्चंद्र ठाकुर, दिलीप ठाकुर, अरुणेश श्रीवास्तव, रंगदमन राजपूत, गौरव ठाकुर, केआर मुदलियार, उमेद साहू, सीताराम ठाकुर, राजू सोनी, नंदू साहू सहित अनेक सामाजिक जन उपस्थित थे।

# सीएसवीटीयू रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम में ऑनलाइन पंजीयन अब 28 तक

**भिलाई।** सीएसवीटीयू, भिलाई के विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम एम् टेक, एम प्लान, पीजी डिप्लोमा में प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने की तिथि 28 अगस्त तक बढ़ाई गई है।

छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई के विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के एमटेक, एम प्लान एवं पी जी डिप्लोमा में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन करने की तिथि 28 अगस्त 2024 तक बढ़ा दी गई है। जिसकी विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर उपलब्ध है। सीएसवीटीयू के विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग युटीडी के रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम में सत्र 2024-25 के लिए ऑनलाइन एप्लीकेशन के द्वारा एम् टेक, एम प्लान एवं पी जी डिप्लोमा में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ हो गया है जिसकी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 28 अगस्त है। इच्छुक अभ्यर्थी www.csvtu.ac. in की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते है।

सीएसवीटयू ने प्रथम वर्ष में प्रवेश ले रहे विद्यार्थियों के लिये शासन के नियमानुसार आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए छात्रवृत्ति का भी प्रावधान है। ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म का शुल्क पांच सौ रुपये है। सीएसवीटयू का एमटेक, एम प्लान एवं पी जी डिप्लोमा का पाठ्यक्रम पूर्णतः रोजगारोन्मुखी है। इस प्रोग्राम में पाठ्यक्रम का निर्माण समसामयिक औद्योगिक परिवेशों, तकनीकों और भविष्य की संभावनाओं को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

शहर की विभिन्न महिला संगठनों ने ग्लोब चौक पर किया प्रदर्शन

# सामाजिक संगठनों ने निकाला मौन कैंडल मार्च, एकजुटता दिखाते हुए महिलाओं ने उठाई आवाज, बलात्कारियों को हो फांसी

**कार्नर न्यूज**

कोलकाता में महिला डाक्टर के साथ नई दिल्ली के निर्भया कांड जैसी हिंसक घटना का गुस्सा भिलाई में दिखाई दे रहा है। दुर्ग-भिलाई में कई जगह महिला डाक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या की घटना के विरोध में कई सामाजिक संगठन व सैकड़ों महिलाएं सड़को पर उतरी और प्रदर्शन किया।

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय महिला मोर्चा द्वारा भिलाई जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा स्वीटी कौशिक के नेतृत्व में बंगाल में हुए महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म एवं हत्या किए जाने के विरोध में कैंडल मार्च करते हुए मौन रैली पावर हाउस चौक ओवर ब्रिज के नीचे से निकाली गई। इस दौरान स्वीटी कौशिक ने कहा कि जो लगातार अमानवीय कृत्य हो रहे है उसके खिलाफ आज मौन रैली निकाली गई। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री खुद एक महिला है, एक महिला होकर महिलाओं के साथ जो उत्पीड़न हो रहे हैं उसके खिलाफ उनकी कोई भी कार्यवाही होते नही दिख रही। जो कि बहुत निंदनीय है। रैली में पूर्व पार्षद रश्मि सिंह, गीता विश्वकर्मा, सरला आचार्या ,कंचन सिंह ,पुष्पलताकर, सकून साहानी, रीता पांडे सहित महिला मोर्चा के पदाधिकारी और आम लोगो ने भी सैकड़ो की संख्या में उपस्थित होकर अपना विरोध जताया।



### आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग

भिलाई। कोलकाता में डॉक्टर के साथ दुष्कर्म व हत्या के विरोध में शहर की विभिन्न महिला संगठनों ने ग्लोब चौक सेंट्रल एवेन्यू पर प्रदर्शन किया। इस दौरान महिलाओं ने एकजुटता दिखाते हुए जमकर नारेबाजी की और आरोपी के खिलाफ फांसी की सजा की मांग की। महिलाओं ने कहा कि न सिर्फ कोलकाता बल्कि देश में कहीं भी बेटियों के साथ अमानवीय हरकतें हो रही हैं, इन सभी आरोपियों को फांसी की सजा दी जाए, जिससे न्याय की मिसाल कायम हो। इस दौरान अल मदद से अंजुम अली अध्यक्ष, सचिव कौसर खान, डॉ. अमरीन, डॉ. माहीन, आयशा सिद्दीकी, शिफा सिद्दीकी फार्मासिस्ट, शाहीन खान, कैसर इकबाल, रूबीना, फरहीन, आयशा आलम, जुल्फी, उज्मा सहित विभिन्न महिलाओं की भागीदारी रही।

### आयुर्वेद व होम्योपैथी चिकित्सकों ने घटना की निंदा की




दुर्ग आयुर्वेद चिकित्सकों ने अपना क्लीनिक बंद कर घटना की निंदा करते हुए हत्यारों को फांसी देने की मांग की तथा बंगाल सरकार में अपराधियों के बढ़ते हौसले के लिए ममता सरकार को दोषी ठहराया। चिकित्सकों ने कहा कि अस्पतालों और अन्य ऐसी जगहों पर जहां महिला कर्मी रात्रि में कार्य पर रहते है सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की जाए, ताकि इस तरह के अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके। प्रदर्शन में सोसायटी ऑफ क्लीनिकल आयुर्वेद के चिकित्सकों के साथ होम्योपैथी के भी चिकित्सक जिसमें प्रमुख रूप से डॉ अनुज खरे प्रदेश अध्यक्ष सोसायटी ऑफ क्लीनिकल आयुर्वेद, डॉ सुरेश शर्मा पूर्व अध्यक्ष, डॉ सुधीर हिसिकर, डॉ रवि खिचरिया, डॉ गोविंद दीक्षित, डॉ आनंद तिवारी, डॉ एसएन साहू, डॉ नवीन कौशिक, डॉ आरपी गुप्ता, महिला चिकित्सक डॉ मणि शर्मा, डॉ श्रद्धा चुग, डॉ मनीषा, डॉ मिनी लांजेवार, होमियोचिकित्सक डॉ बीना सिंग, डॉ अजय, डॉ प्रदीप चौधरी जिला संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ भिलाई, डॉ आदर्श त्रिवेदी जिला संयोजक भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ दुर्ग, डॉ एके सिंह उपस्थित थे।



## सिटी इवेंट

### देश की आजादी के संघर्ष को मंच पर कलाकारों ने कर दिया जीवंत



**भिलाई।** हर घर तिरंगा अभियान के अतंर्गत छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जोहार तिरंगा का आयोजन रायपुर में किया गया था। जिसमें अंचल के प्रख्यात लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय के समूह ने वंदे मातरम की विशेष प्रस्तुति दी। जिसमें देश की आजादी के संघर्ष को कलाकारों ने जीवंत कर दिया। इस प्रस्तुति की दर्शकों सहित तमाम अतिथियों ने खूब प्रशंसा की। शुरूआत में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जोहार तिरंगा कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर किया। लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय और उनके साथियो ने छत्तीसगढ़ की परंपरागत संस्कृति को मंच पर प्रस्तुत किया। वहीं वंदे मातरम की विशेष प्रस्तुति में कलाकारों ने अंग्रेजी राज में देशभक्तों पर अत्याचार, स्वतंत्रता आंदोलन, राजगुरू, सुखदेव और भगत सिंह की फांसी, जलियांवाला बाग जनसंहार और भारत छोड़ो आंदोलन सहित कई प्रमुख घटनाक्रम को 20 मिनट में रोचक ढंग से बताया। छत्तीसगढ़ शासन की ओर से संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के संचालक विवेक आचार्य ने रिखी क्षत्रिय व कलाकारों का पुष्पगुच्छ व स्मृति चिह्न देकर अभिनंदन किया। आयोजन में वित्त मंत्री ओपी चौधरी, वन मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, विधायक व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव सिंह, राजेश मूणत, अनुज शर्मा, पुरंदर मिश्रा, इंद्र कुमार साहू, गुरु खुशवंत साहेब और रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित अन्य विशिष्ट लोग शामिल हुए। वंदे मातरम की प्रस्तुति के दौरान रिखी क्षत्रिय व उनके समूह ने स्वतंत्रता आंदोलन को रोचक ढंग से मंचित किया। कलाकारों में अजय उमरे, प्रमोद एवं सुनील, राजगुरू प्रदीप ठाकुर, भगत सिंह नवीन साहू, सुखदेव दादू देवांगन, दुल्हन जया ठाकुर, किसान पारस रजक, संजू, रिंकू, जल्लाद रंजीत ठाकुर, सूत्रधार कुलदीप सार्वा, महात्मा गांधी रंजीत ठाकुर, ग्रामीण महिलाएं हेमा, प्रियंका, चंचल, नेहा देवांगन, शशि साहू, लीना, अनुराधा साहू और भारत माता नेहा ने भूमिका निभाई। वहीं गायक कुलदीप सार्वा, ओमेंश्वरी, दिनेश वर्मा, गीतांजलि, किरन आदि ने प्रस्तुति दी।

> ■ रिखी और उनकी टीम ने दिखाया आजादी का संघर्ष

## सिटी लाइव

### सबके साथ मिलकर सोसाइटी की परंपरा करेंगे निर्वहन, पूरनलाल नए अध्यक्ष



**भिलाई।** बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 में अध्यक्ष पद के लिए चुनाव में संचालक मंडल सदस्य रहे पूरनलाल देवांगन निर्वाचित घोषित किए गए हैं। निर्वाचन उपरांत कार्यभार संभालते हुए नए अध्यक्ष पूरनलाल देवांगन ने कहा है कि सोसाइटी की उच्च परंपरा का निर्वहन करते हुए सबके साथ मिलकर इसे और सुदृढ़ करने में अपना योगदान देंगे। सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार परगनिहा की 30 जून को भिलाई स्टील प्लांट से हुई सेवानिवृत्ति के बाद यह पद खाली था। इसके लिए विधिवत निर्वाचन कार्यक्रम घोषित किया गया और चुनाव अधिकारी एसएम महापात्र ने चुनाव संपन्न कराया। जिसमें सहयोगी चुनाव अधिकारी उमाशंकर शर्मा थे। संचालक मंडल के मतदाता सदस्यों ने पूरन देवांगन और विपिन बंछोर के बीच निर्वाचन प्रक्रिया में 7-3 के पूर्ण बहुमत से पूरनलाल देवांगन को नया अध्यक्ष चुन लिया। चुनाव अधिकारी महापात्र ने देवांगन को निर्वाचित घोषित कर इसकी सूचना छत्तीसगढ़ सहकारी निर्वाचन आयोग के सचिव और उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं दुर्ग के समन्वयक सहित सभी संबंधितों को भेज दी है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अशोक राठौर, आसमां परवीन,संचालक मंडल सदस्यगण पुरुषोत्तम सिंह कंवर, जानकी राव, सतानंद चंद्राकर,शशिभूषण सिंह,नितिशा साहू और वेद प्रकाश सूर्यवंशी और सोसायटी के कर्मियों में सुदीप बनर्जी,पिजुष कर,सहित सोसाइटी के अन्य कर्मियों एवं लोगों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष पूरनलाल देवांगन को बधाइयां दी।

## समाज इवेंट

### अखिल भारतीय काव्य संग्रह प्रतियोगिता में महज ये वायरस नहीं को मिला प्रथम पुरस्कार

**भिलाई।** स्व. पन्ना लाल नामदेव अखिल भारतीय काव्य संग्रह प्रतियोगिता मध्य प्रदेश लेखक संघ टिकमगढ द्वारा आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में भिलाई छत्तीसगढ़ के हिंदी व बांग्ला के अंतरराष्ट्रीय साहित्यकार गोविंद पाल की काव्य संग्रह महज़ ये वायरस नहीं को देश के विभिन्न स्थानों से आये हुए 200 से अधिक काव्य संकलनों में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इस संदर्भ में 15 सितंबर को टिकमगढ मध्य प्रदेश में गोविंद पाल के सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें गोविंद पाल को शॉल, श्रीफल प्रतीक चिन्ह, पुष्प गुच्छ व सम्मान राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके बाद गोविंद पाल के मुख्य आतिथ्य में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भी आयोजन होगा। गोविंद पाल की यह उपलब्धि के लिए मुक्तकंठ साहित्य समिति के सदस्यों में हर्ष व्याप्त है। इसके पूर्व में भी गोविंद पाल की काव्य संग्रह बोनसाई को भी अखिल भारतीय काव्य संग्रह प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार से पुरस्कृत हो चुकी है एवं 2013 में उज्जैन के शब्द प्रवाह सामाजिक, सांस्कृतिक व साहित्यिक संस्था द्वारा गोविंद पाल को सम्मानित कर शब्द रत्न मानद उपाधि प्रदान किया गया था। इस प्रतियोगिता में इंदौर के रंजना फतेहपुरकर के गजल संग्रह को द्वितीय पुरस्कार एवं कोरबा बिलासपुर के नवरंग के काव्य संग्रह को तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया था।



● व्यंग्य सम्राट हरिशंकर परसाई की जयंती पर विशेष, भांजे और साहित्यकारों ने योगदान को किया याद


# आवारा भीड़ के खतरे से ठिठुरते गणतंत्र को किया था आगाह, सद्भाव का दिया संदेश

**विमल शंकर झा/भिलाई।** देश के मौजूदा निर्मम और असहिष्णुता के दौर में जब संवेदना और साहस का लेखन भोथरा होता जा रहा है, अपनी पैनी वैचारिक दृष्टि से समाज में आस्था और करुणा की अजस्त्र धारा प्रवाहित करने वाले व्यंग्य पुरोधा हरिशंकर परसाई की प्रासंगिकता तीन दशक बाद आज भी कम नहीं हुई है। विकलांग श्रद्धा का दौर और ठिठुरता गणतंत्र जैसा उनका विचारोत्तेजक लेखन 4 दशक बाद भी घटाटोप अंधकार में प्रकाश स्तंभ की तरह है। यह गर्व की बात है कि अपने नीर क्षीर लेखन से हिंदी साहित्य में व्यंग्य को एक विधा का दर्जा दिलाने वाले इस व्यंग्य सम्राट का न सिर्फ छत्तीसगढ़ बल्कि प्रदेश की कला और साहित्य की राजधानी भिलाई से भी एक गहरा नाता रहा है। परसाई के रिश्तेदार और वरिष्ठ साहित्यकार उनके प्रेरक साहित्य और व्यक्तित्व को यादकर आज भी विभोर होकर गर्व से भर जाते हैं। आधुनिक हिंदी साहित्य के प्रसिद्ध व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई का जीवन जितना संघर्षपूर्ण है, उनका साहित्य भी उतना ही समाजोन्मुखी और प्रेरणास्पद है। यदि उन्होंने व्यंग्य को हल्के हास परिहास के दायरे से बाहर निकालकर देश और समाज के ज्वलंत प्रश्नों से जोड़ा तो इसके पीछे उनकी समाज की गहरी पड़ताल, विश्व साहित्य का विषद अध्ययन और दीर्घ अनुभव है। 22 अगस्त 1924 को होशंगाबाद के जमानी गांव में साधारण परिवार में जन्मे परसाई ने बचपन में ही अपने पिता जुमकलाल प्रसाद व मां चंपा बाई को खो दिया, जिसके बाद उनके कंधे पर चार भाई बहनों की परवरिश का भार आन पड़ा। गरीबी और अध्यापन के दौरान जीवन के कई कटु अनुभवों तथा सामाजिक प्रतिबद्धता ने उनके साहित्य को जन साहित्य में बदल दिया। पांव की हड्डी टूटने के बाद दस साल बिस्तर पर रहते हुए भी सामाजिक बदलाव के लिए साहित्य सृजन की नैतिक जिम्मेदारी से मुंह नहीं मोड़ा । साहित्यकारों के मुताबिक अपनी पैनी कलम से सामाजिक, आर्थिक विषमता, अंतरविरोधों, पाखंड, राजनीतिक व्याभिचार,भ्रष्टाचार व शोषण पर तीव्र प्रहार करने के साथ वैज्ञानिक चेतना जगाने और व्यंग्य को विधा का दर्जा दिलाने वाले परसाई को विश्व प्रसिद्ध व्यंग्यकार गोगोल का भारतीय संस्करण कहा जाने लगा। अपने मारक व्यंग्य विकलांग श्रद्धा का दौर के लिए 1982 में साहित्य अकादमी और शिखर तथा शरद जोशी सम्मान से सम्मानित प्रगतिशील आंदोलन के अगुवाओं में शुमार परसाई के व्यंग्य, निबंध, कहानियां और उपन्यास समाज के वीभत्स रुप को उजागर करने के साथ करुणा के साथ चेतना भी जगाते हैं। यह उनकी गहरी सोच ही है कि उनकी कृति ठिठुरता गणतंत्र और विकलांग श्रद्धा का दौर की प्रासंगिकता 4 दशक बाद आज पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। पगडंडियों का जमाना, सदाचार का ताबीज,वैष्णव की फिसलन, प्रेमचंद के फटे जूते, तुलसीदास चंदन घिसे, बेईमानी की परत,आवारा भीड़ के खतरे, एक निठल्ले की डायरी आदि व्यंग कृतियों के अलावा उनके उपन्यास रानी नागफनी की कहानी,तट की खोज, ज्वाला और जल तथा कहानियों हंसते हैं रोते हैं, जैसे उनके दिन फिरे, भोलाराम का जीव व चर्चित कालम सुनो भई साधो, पूछिए परसाई से उन्हें देश दुनिया के बड़े व्यंग्यकारों में शुमार करते हैं। व्यंग्य में मानवीय मूल्यों व प्रकृति को रुपायित करने के कारण उनकी व्यंग रचनाएं आम पाठकों के अलावा रानी नागफनी की कहानी और टार्च बेचने वाला जैसी कई समाजोन्मेषी कृतियां सालों से कालेजों और एनसीर्ईआरटी के स्कूली विद्यार्थियों के साथ दूरदर्शन में भी लोकप्रिय हुईं। ,परसाई कहते हैं, नामक टीवी शो आदि का डीडी वन में प्रसारण हुआ। लेकिन समाज और जीवन की आलोचना करने की साहसिक वैचारिक शैली से उन्हें जहां आम लोगों के हृद्य में स्थान मिला वहीं सरकार और कट्टपंथियों की कारगुजारियों को उजागर करने पर दक्षिणपंथियों ने 90 के दशक में हमला भी किया।



### भिलाई व रायपुर से गहरा नाता

अपनी कर्मभूमि जबलपुर में विपुल व्यंग्य लेखन और काफीहाउस व किताब दुकान में मित्रों के साथ वैचारिक अड्डेबाजी और देश में साहित्यिक शिरकतों के लिए प्रसिद्ध व्यंग सम्राट परसाई का छत्तीसगढ़ से भी गहरा रिश्ता रहा। उनका लंबा समय रायपुर में गुजरा और वे एक मर्तबा भिलाई भी आए थे। उनके भांजे व भिलाई विद्यालय से सेवानिवृत्त प्राचार्य बीके परसाई बताते हैं कि 1976 में परसाईजी के आगमन पर से.6 गेस्ट हाउस में साहित्यकारों ने गोष्ठी रखी थी,जहां उन्होंने कविता भी सुनाई थी । वरिष्ठ व्यंग्यकार और छग हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष रवि श्रीवास्तव बताते हैं कि अपने साहसिक और संवेदनशील लेखन से सामाजिक चेतना जगाने वाले परसाई 80 के दशक में कई बार रायपुर आए, जहां वे अपने वरिष्ठ पत्रकार मित्र मायाराम सुरजन के निवास पर साहित्यिक बिरादरी और कालेजों में विद्यार्थियों से भी मिलते थे । बिलासपुर व जबलपुर प्रलेसं के सम्मेलन में मुलाकात के दौरान उनकी विलक्षण वैचारिकता व आत्मीयता ने साहित्यकारों को प्रभावित किया था। वे विश्व स्तर के व्यंगकार और सरल व्यक्तित्व के धनी थे। प्रेमचंद के फटे जूते जैसी चर्चित रचना में परसाई कहते हैं कि प्रेमचंद के जूते फटे नहीं थे,क्योंकि वे समाज की कुरीतियों को ठोकर मारते चलते हैं। खुद को छोटा लेखक और बड़ा संकट बताने वाला यह व्यंग्यकार दरअसल देश दुनिया का बड़ा लेखक ही नहीं वरन सदैव संकटमोचन के किरदार में दिखा।



### जीवन के संघर्षो ने बनाया बेबाक

हरिशंकर परसाई को हिंदी साहित्य जगत का शीर्ष व्यंग्यकार स्थापित करने में जीवन के संघर्ष से बड़ी प्रेरणा और ऊर्जा मिली। साहित्यकारों के अनुसार परसाई खुदके बारे में कहते थे. मैं एक निहायत कटु, निर्मम और धोबीपछाड़ आदमी हूं जो कई बार टूटकर संभला और जुड़ा। मात्र 13 वर्ष की उम्र में 1937 में प्लेग से बचने भांय भांय करते जंगल में पिता के साथ हम 5 भाई बहनों के ओम जय जगदीश आरती गाते हुए तड़पते मां को दम तोड़त देखा। फिर दुख, निराशा से 4 साल बाद सदमे से पिता के भी मरने के बाद बिच्छुओं व सांपों के बीच टपरे में रहते जंगल की नौकरी छोड़ दूसरी नौकरी की तलाश में मुफलिसी मेंमहीनों बेटिकट टिमरनी, इटारसी और इंदौर का सफर करते गुजरे। आए दिन घर में तरकारी नहीं होने की अपनी बहू के याद दिलाने पर अपनी बुआ के पड़ोसन की तारीफ कर उसकी बाड़ी से तोराई ला प्यार से खाना खिलाने वाली अपनी बुआ से परसाई ने गरीबी में बेफिक्री सीखी। अध्यापन से जिंदगी थोड़ी पटरी पर आई लेकिन 1942 में नौकरी छोड़ स्वतंत्र लेखन के आगाज से शीर्ष पर पहुंचते और 10 अगस्त 95 को अपने देहांत तक उन्होंने मुसीबतों के साथ समाज सुधारने समाज व व्यक्ति की आलोचना के लिए कदम कदम पर कीमत चुकाई । जीवन के इस लंबे संघर्ष और संत्रास ने ही ए सार्टेड मैन जैसा सर्वश्रेष्ठ व्यंग्य निबंध लिखने वाले हरिशंकर परसाई को व्यंग्य सम्राट का सम्मान दिलाया।

## धार्मिक आयोजन

### 10 से लेकर 80 वर्ष तक के महाराष्ट्रीयन ब्राह्मणों ने किया नया जनेऊ धारण



**भिलाई।** महाराष्ट्रीयन ब्राह्मण जागृति सभा के द्वारा श्रावणी उपाकर्म का आयोजन भिलाई हुडको स्थित गजानन महाराज मंदिर में किया गया। इस दौरान समाज के सभी आयु वर्ग के लोगो ने अनुष्ठान में शामिल होकर पुराने जनेऊ का त्याग कर नये जनेऊ का धारण विधिपूर्वक किया। जिसमें काफी संख्या में समाजिक जन शामिल हुए। इस अवसर पर उपस्थित पंडित श्रीकांत सप्रे एवं राम कुलकर्णी द्वारा उपाकर्म में उपस्थित सभी सदस्यों को मंत्रोच्चार के साथ पूरी श्रद्धा से कार्यक्रम द्वारा लाभान्वित किया गया।

इस दौरान महाराष्ट्रीयन ब्राह्मण जागृति सभा के लगभग 50 सदस्यों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर 10 वर्ष की आयु से लेकर 80 वर्ष तक के ब्राह्मणों द्वारा ऋषि तर्पण, देव तर्पण एवं पीतर तर्पण कर पुराने जनेऊ का त्याग कर नये जनेऊ का धारण विधिपूर्वक किया गया।

## आयोजन

### मां वैष्णो देवी की थीम पर बनेगा दुर्गा पंडाल, दुर्गोत्सव समिति ने किया भूमिपूजन



**भिलाई।** दुर्गा पूजा आने को अभी लगभग डेढ़ महीने का समय बचा हुआ है लेकिन इस बीच समितियों दवरा भव्य पंडाल बनाने सहित अन्य तैयारियां शुरु कर दिए है। इसी कड़ी में युवा माँ शक्ति दुर्गोत्सव समिति, सेक्टर 6 भिलाई के सदस्यों द्वारा इस बार भी दुर्गा पूजा एवं डांडिया रास-गरबा महोत्सव के 28वें वर्ष के भव्य आयोजन को धूमधाम से मनाने के लिए बड़ी संख्या में उपस्थित क्षेत्र की युवतियों, महिलाओं, बुजुर्गों एवं मोहल्लेवासियों के साथ भूमिपूजन किया। क्षेत्र में होने वाले आयोजन में इस वर्ष दुर्गा पूजा पंडाल माता वैष्णोदेवी की संपूर्ण झांकी की थीम पर पंडाल बनाया जायेगा।। इस बार वैष्णों देवी के तर्ज पर बनने वाले दुर्गा पंडाल में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ होने की सम्भावना को ध्यान में रखते हुए समिति द्वारा भव्य मंच में माता की प्रतिमा विराजित कराई जाएगी। समिति के लोगों ने बताया कि तैयारी को लेकर लोगों में हर्ष है।

> विराजित की जाएगी दुर्गा प्रतिमा

## ब्रह्माकुमारीज में रक्षाबंधन पर्व को महापर्व के रूप में मनाया गया

# परमात्मा शिव ने पवित्रता की रक्षा का सूत्र बांधकर नई दुनिया का किया सूत्रपातः ब्रह्माकुमारी रीटा



**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बघेरा स्थित आनंद सरोवर में रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में दुर्ग शहर के गणमान्य नागरिकों का स्नेह मिलन का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर ब्रम्हकुमारी बहनों द्वारा सभी सामाजिक व प्रशासनिक सेवा कार्य करने वाले भाई-बहनों को रक्षा सूत्र बांधकर देश व समाज की रक्षा करने का वचन लिया। इस दौरान ब्रह्माकुमारीज दुर्ग की मुख्य संचालिका ब्रह्माकुमारी रीटा बहन ने संसार की विभिन्न प्रकार के बंधनों के विषय बताया।





### स्वार्थ का बंधन दुखदाई, लेकिन रक्षा का बंधन सुख देने वाला है

स्नेह मिलन कार्यक्रम के दौरान ब्रह्माकुमारी रीटा ने कहा कि मैं - पन का बंधन भी बहुत दुख देने वाला होता है। आदमी किसी भी सफलता के लिए स्वयं को श्रेय देता है जिसके कारण उसके अंदर अहंकार आ जाता है जो औरों के लिए कष्टदायक होता है। दूसरा बंधन है स्वार्थ का बंधन। स्वार्थ का बंधन भी बहुत ही दुख देने वाला होता है। हम अपने किए हुए कार्यों के बदले मे किसी से कुछ ना कुछ अपेक्षा रखते हैं। जो की हमारे दुखों के लिए निमित्त बन जाता है। तीसरा बंधन है कुसंग का बंधन। हम गलत लोगों का संग करते हैं तो वह भी हमें कई प्रकारों के बंधनों में बांध देता है। कुसंग के कारण ही अनेक प्रकार के व्यसनों व बुरी आदतों के हम सब शिकार हो जाते हैं। चौथा बंधन है आलस्य का बंधन। आलस्य भी बहुत बड़ा बंधन है जो मनुष्य को आगे बढ़ने से रोक देता है। हम कोई भी जरूरी कामों को कल पर टालते रहते हैं जिसके कारण कई बार हमें आर्थिक नुकसान के साथ-साथ संबंधों में भी कड़वाहठ पैदा हो जाती है। पांचवा बंधन है भय का बंधन। आज मनुष्य अनेक प्रकार के भय में जी रहा है। भय भी हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। सबसे बड़ा भय मृत्यु का होता है। परन्तु इन सब बंधनों से छुड़ाने वाला एक बंधन है, जो बहुत मीठा है और सुखदाई है। जिस बंधन में हम सब बंधना चाहते हैं वो है रक्षाबंधन। आजकल रक्षाबंधन का त्यौहार भाई-बहनों तक ही सीमित हो गया है जबकि इस रक्षाबंधन की शुरुआत स्वयं निराकार परमपिता परमात्मा शिव ने पवित्रता का रक्षा का सूत्र बांधकर नई दुनिया का सूत्रपात किया था।

### दे रहे परमात्मा का संदेश

रक्षाबंधन का पर्व ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा विगत एक सप्ताह पूर्व से भिन्न-भिन्न स्थानों में जाकर सभी को रक्षा सूत्र बांधने व परमात्मा का संदेश देने का कार्य ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा किया जा रहा था। जिसमें विधायक गजेन्द्र यादव, सिटी कोतवाली थाना प्रभारी विजय यादव, मोहन नगर थाना थाना प्रभारी मोनिका पांडे, रेलवे सुरक्षा बल दुर्ग, वृद्धाश्रम, बाल संप्रेक्षण गृह, पोस्ट ऑफिस दुर्ग, एसटीएफ बघेरा, केंद्रीय जेल में कैदियों, रेलवे स्टेशन में कुलियों को राखी बांधी गयी। जहां सभी जीवों की रक्षा करने की शपथ दिलाई गई।

### मिलती है मानसिक शांति

इस अवसर पर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ स्पेशल टास्क फोर्स के एसएसपी विजय पांडे ने कहा कि जो काम हम अपनी पूरी सामर्थ्य लगाकर भी नहीं कर पाते हैं वह हमारी परमात्मा के प्रति गहरी आस्था और विश्वास से संभव हो जाता है। ब्रम्हकुमारी आकर मेडिटेशन से प्राप्त होने वाली गहन मानसिक शांति और खुशी के बारे में भी जिक्र किया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### इंटर स्टेट अंडर-19 वन डे क्रिकेट जीता छत्तीसगढ़ ने



**रायपुर।** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ पुदुच्चेरी की ओर से इंटर स्टेट अंडर-19 वन डे क्रिकेट टुर्नामेंट 21 अगस्त से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का पहला मैच बुधवार 21 अगस्त को पुदुच्चेरी में पुदुच्चेरी अंडर-19 टीम बी के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ अंडर 19 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 50 ओवरों में 9 विकेट खोकर 292 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से साहिल रजत शरीफ ने 64 रन बनाये। साथ ही कप्तान उपेन्द्र यादव ने 57 रनों का योगदान दिया। पुदुच्चेरी अंडर 19 टीम बी की ओर से तरुण ने 4 विकेट तथा संदीप ने 2 विकेट प्राप्त किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुदुच्चेरी अंडर-19 टीम बी ने वर्षा प्रारंभ होने तक 21 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 86 रन बना लिये थे। छत्तीसगढ़ के गेंदबाजों ने शानदान प्रदर्शन करते हुये पुदुच्चेरी के किसी भी बल्लेबाज को लंबी पारी खेलने से रोक दिया। पुदुच्चेरी की ओर से केवल अभिषेक ने दहाई का आंकडा पार करते हुये 58 रन नाबाद की पारी खेली। छत्तीसगढ़ की ओर से अंकित कुमार सिंह ने 3 विकेट तथा धनंजय नायक तथा उपेन्द्र यादव ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने मैच डी एल एस प्रणाली से 140 रनों से जीत लिया।

### योग में हुनर दिखाया नौजवानों ने



**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल के मंडल मुख्यालय रायपुर मे 47 वी अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल योग प्रतियोगिता डब्लूआरएस रेलवे कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन मे जारी है । इस प्रतियोगिता को उम्र के अनुसार 18-21 वर्ष, 22-25 वर्ष, 26-30 वर्ष, 31-35 वर्ष, 36-45 वर्ष एवं 45 वर्ष से अधिक उम्र की 06 श्रेणियों में रखा गया है । बुधवार को इस प्रतियोगिता मे 44 पुरुष एवं 05 महिला प्रतिभागियों ने अपनी कला के हुनर को जूरी मेंबर और आम लोगों के सामने के प्रस्तुत किया। इसके माध्यम से रेलवे सुरक्षा बल के बल सदस्यों, रेल कर्मचारियों एवं आम नागरिकों को अपने जीवन मे योग को अपनाकर जीवन शैली मे सुधार करने और स्वस्थ रहने ''करो योग रहो निरोग'' का संदेश दिया जा रहा है ।

### राज्य स्तरीय व्हीलचेयर रग्बी चयन शिविर में शामिल हुए खिलाड़ी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्हीलचेयर रग्बी एसोसिएशन एवं जन सामर्थ्य कल्याण समिति के तत्वावधान में दो दिवसीय छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय व्हीलचेयर रग्बी चयन शिविर व कार्यशाला पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर स्थित शारीरिक शिक्षा विभाग के बहुद्देशीय सभागार में आज से शुरू हुई। मुख्य अतिथि वीरेन्द्र सिंह तोमर ( राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ,करणी सेना ) , सहयोग अतिथि विकास चौरसिया ( नेशनल डेवलपमेंट मैनेजर ,आईआरएमयू ) , मोहम्मद कैफ (इंडियन व्हील चेयर रग्बी कोच) की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत हुई। दो दिवसीय कार्यशाला में चयनित खिलाड़ी ग्वालियर, मध्यप्रदेश में एक और दो अक्टूबर को होने वाली 6 वीं राष्ट्रीय व्हीलचेयर प्रतियोगिता में शामिल होंगे। कार्यक्रम में 40 से अधिक दिव्यांग जनो ने छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों से भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने दिव्यांग खिलाड़ियों को टी शर्ट प्रदान कर कार्यशाला की शुरुआत की।

### राज्य स्तरीय ग्रेपलिंग-कुश्ती प्रतियोगिता में रायपुर जिला विजेता



**रायपुर।** चतुर्थ छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सब-जूनियर व कैडेट ग्रेपलिंग-कुश्ती प्रतियोगिता दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, कबीर नगर में 17 अगस्त को आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विशिष्ट अतिथि टंकराम वर्मा, मंत्री, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मुख्य अतिथि दीपक मस्क निदेशक पेट्रोलियम मंत्रालय व विधायक मोतीलाल साहू उपस्थित हुए। प्रतियोगिता में प्रदेश भर से दुर्ग, बालोद, रायपुर, बलौदाबाजार, बिलासपुर, पेंड्रा रोड़, मुंगेली, अंबिकापुर, चाम्पा, रायगढ़ व कोरबा जिले के 150 से अधिक खिलाड़ियों में भाग लिया. स्पर्धा में रायपुर जिला विजेता व रायगढ़ जिला उपविजेता रहा। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में स्कूल के चेयरमैन विनय चंद्राकर, प्राचार्य विनोद पाण्डेय व समस्त विद्यालय परिवार के साथ रायपुर ग्रेपलिंग-कुश्ती संस्था की अध्यक्षा शिल्पा दीक्षित व सचिव अंतरा सारथी का विशेष योगदान रहा।

---

जीवनशैली में बदलाव सबसे बड़ा मंत्र, अपनाइए और देखिए

# लंबी उम्र तक जीना इतना भी मुश्किल नहीं कारगर उपाय के साथ गुजार सकते हैं जिंदगी

बदलाव इस दुनिया में शायद ही कोई हो जिसे लंबे समय तक जीने की इच्छा न हो, पर ये कैसे संभव होगा? अध्ययनों से पता चलता है कि लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण कई प्रकार की क्रोनिक बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है, जिसने औसत आयु को भी कम कर दिया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लंबे समय तक जिंदा रहना चाहते हैं, क्रोनिक बीमारियों से बचना चाहते हैं तो आहार और दिनचर्या में सुधार करना बहुत जरूरी है। नेशनल जियोग्राफिक और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑन एजिंग ने अध्ययनों के आधार पर बताया कि आहार में कुछ सुधार कर लिए जाएं तो ये काम ज्यादा मुश्किल नहीं है। कई खाद्य पदार्थों में एंटी-एजिंग और एंटी-इंफ्लामेटरी प्रभाव होते हैं जो न सिर्फ आपको बीमारियों से बचाते हैं साथ ही आपको लंबी उम्र पाने में भी मददगार हो सकते हैं।



### लंबी आयु पाने के लिए क्या है विशेषज्ञों की सलाह?

अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन की रिपोर्ट से पता चलता है कि स्वस्थ भोजन के पैटर्न की मदद से कुल मृत्यु दर में 20% की कमी लाई जा सकती है। हृदय रोग और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के कारण मृत्यु दर को कम करने के लिए भी आहार को पौष्टिक रखना बहुत मददगार हो सकता है। पौधों पर आधारित आहार जैसे खाने के पैटर्न को बीमारियों के जोखिम को कम करने में मददगार पाया गया है। आइए जानते हैं कि 80-100 साल तक स्वस्थ और जीवित रहने के लिए कौन से उपाय मददगार हो सकते हैं? स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, नियमित रूप से बीन्स खाना आपके लिए बहुत लाभकारी हो सकता है। बीन्स प्लांट बेस्ड प्रोटीन का अच्छा स्रोत हैं और फाइबर से भी भरपूर होते हैं। इसे आंतों को स्वस्थ्य रखने के लिए लाभकारी माना जाता है। इसी तरह से क्रूसिफेरस सब्जियां जैसे ब्रोकोली, फूलगोभी और पत्तागोभी सभी में ऐसे प्राकृतिक यौगिक होते हैं जो आपके दिल के लिए अच्छे होते हैं और कुछ प्रकार के कैंसर से बचाने में भी मदद करते हैं।

### खूब पानी पीते रहें

लंबे समय तक जीवित रहने की चाह रखते हैं तो हाइड्रेशन का ध्यान रखना आपके लिए बहुत जरूरी है। इसके लिए खूब सारा पानी पीते रहना चाहिए। मीठे पेय पदार्थ आपकी सेहत के लिए हानिकारक प्रभावों वाले हो सकते हैं, इससे दूरी बना कर रखें। दिनभर में तीन-चार लीटर तक पानी पीने की आदत बनाना आपकी सेहत को ठीक रखने और लंबी आयु प्राप्त करने में मददगार हो सकता है।

### कम कर दें चीनी और नमक का सेवन

चीनी और नमक दोनों ही सेहत के लिए हानिकारक माने जाते हैं और डायबिटीज-हार्ट सहित कई प्रकार की गंभीर और क्रोनिक बीमारियों के खतरे को बढ़ा देते हैं। अध्ययन की रिपोर्ट से पता चलता है कि जिन देशों में चीनी और नमक की खपत कम है वहां पर लोग कम बीमार पड़ते और आयु भी लंबी होती है। स्वस्थ और लंबी उम्र चाहते हैं तो आहार में ये सुधार करना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।



---



## अवसाद का शिकार होने से पहले नजर आते हैं लक्षण

अवसाद एक मानसिक स्वास्थ्य स्थिति है जो आपके मूड को प्रभावित करती है, जिससे आप उदास, सुन्न, चिड़चिड़े या उदास महसूस करते हैं। यह आपके मूड में सामान्य बदलावों से ज़्यादा समय तक रहता है, और यह आपके लिए रोज़मर्रा की चीजें करना मुश्किल बना सकता है जैसे अपने दोस्तों के साथ समय बिताना, काम करना, स्कूल जाना या खुद की देखभाल करना। कोई भी व्यक्ति, किसी भी पृष्ठभूमि से, अवसाद का शिकार हो सकता है। यह बिना किसी स्पष्ट कारण के हो सकता है, या यह आपके द्वारा अनुभव की जा रही किसी मुश्किल चीज़ से शुरू हो सकता है। अवसाद एक गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्या है ,जिसका समय पर इलाज जरूरी होता है। आजकल के दौर में युवा नौजवान अवसाद के चपेट में तेजी से आ रहे हैं। हालांकि ज्यादातर लोगों को यह मालूम ही नहीं चलता है कि वो अवसाद के शिकार हैं,कई बार मामला हाथ से निकल जाता है। ऐसे में हम आपको वो लक्षण बता रहे हैं जो अवसाद का शिकार होने से पहले किसी भी व्यक्ति में नजर आता है। डॉ. आरूषि देवान, क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट इस बारे में जानकारी दे रही हैं।

### ये है 6 लक्षण जो अवसाद की ओर करते हैं इशारा

अगर आप बहुत ज्यादा खा रहे हैं या बहुत कम खा रहे हैं तो ये अवसाद के शुरुआती लक्षण की तरफ इशारा करता है। तनाव के कारण आपको ज्यादा भूख लगती है। तनाव




को कम करने के लिए लोग अच्छा खाना खाना चाहते हैं इससे उन्हें सुकून मिलता है, वहीं तनाव के कारण भोजन को लोग बोझ समझने लगते हैं। दोनों ही स्थिति अवसाद की तरफ इशारा करती है।

दुख और निराशा की भावना अवसाद के सबसे आम लक्षणों में से एक है। अगर आप किसी भी काम को करने से पहले निराश हो जाते हैं या छोटी छोटी बातों पर दुखी हो जाते हैं तो आपको इसे अवसाद का लक्षण समझना चाहिए। बिना किसी कड़ी मेहनत या गतिविधि के भी आपको थकावट महसूस होती है तो यह भी अवसाद की तरफ इशारा करता है। ऐसा नींद की कमी के कारण होता है।

पहले जिस काम को आप खूब आनंद लेकर करते थे और अब आपको उस काम में बिल्कुल भी रुचि नहीं है तो यह भी अवसाद की शुरुआती लक्षणों की तरफ इशारा करता है। अवसाद से प्रभावित लोग खाने के लिए मन नहीं करता और वे भोजन को एक बोझ मान सकते हैं।

अगर आप बिल्कुल भी सो नहीं पाते हैं या बहुत अधिक देर सोते हैं तो ये अवसाद के शुरुआती लक्षण हो सकते हैं। चिंता के कारण आपको नींद नहीं आती है ,वहीं ऊर्जा की कमी के कारण आप अधिक सोने लगते हैं।

अगर आप आसानी से किसी भी बात पर भड़क जाते हैं, कोई कुछ कह देता है तो आप चिड़चिड़े होकर गुस्सा करने लगते हैं तो यह भी अवसाद की तरफ इशारा करता है। चिंता के कारण व्यक्ति पर निरंतर भावनात्मक दबाव बना रहता है जिससे वे छोटी-छोटी बातों पर भी भड़क सकते हैं।



---

## आज है कजरी तीज, जानें इस पर्व के पीछे का कारण और मनाने का तरीका



कजरी तीज का मुख्य उद्देश्य देवी पार्वती और भगवान शिव के मिलन का उत्सव मनाना है। इस दिन महिलाएं विशेष व्रत रखती हैं और भगवान शिव और देवी पार्वती की पूजा करती हैं। कजरी तीज भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। इस बार 22 अगस्त को कजरी ठीक व्रत का किया जाएगा।

कजरी तीज भारतीय संस्कृति में महत्वपूर्ण तीन तीजों में से एक है, जो मुख्य रूप से उत्तर भारत, खासकर उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और बिहार में धूमधाम से मनाई जाती है। यह त्योहार महिलाओं द्वारा भगवान शिव और देवी पार्वती की पूजा करने के लिए मनाया जाता है, जिसमें वे अपने पति की लंबी उम्र और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। कुंवारी कन्याएं भी इस दिन मनपसंद वर के लिए उपवास करती हैं।

### कजरी तीज क्यों मनाई जाती है?

कजरी तीज का मुख्य उद्देश्य देवी पार्वती और भगवान शिव के मिलन का उत्सव मनाना है। इस दिन महिलाएं विशेष व्रत रखती हैं और भगवान शिव और देवी पार्वती की पूजा करती हैं। इस त्योहार को मनाने के पीछे यह मान्यता है कि देवी पार्वती ने कठोर तपस्या करके भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त किया था और इस दिन व्रत रखने से विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और कुंवारी लड़कियां अच्छे वर की प्राप्ति के लिए प्रार्थना करती हैं।

### कजरी तीज की पौराणिक कथा

कजरी तीज से जुड़ी एक प्रमुख पौराणिक कथा है। यह कहा जाता है कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें पत्नी के रूप में स्वीकार किया। इस तपस्या और प्रेम की कहानी को याद करते हुए, कजरी तीज के दिन महिलाएं भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करती हैं। इसके अलावा, कजरी तीज के दिन महिलाएं कजरी गीत भी गाती हैं, जिनमें प्रकृति के सौंदर्य, प्रेम और रिश्तों का वर्णन होता है। जहां हरियाली तीज सावन के महीने में मनाया जाता है, वहीं कजरी तीज श्रावण मास के समापन के बाद आता है।

## मानसून में आउटडोर कुकिंग करते हुए काम आएंगे ये हैक्स



मानसून के मौसम में आउटडोर कुकिंग करने का अपना एक अलग ही मजा है। लेकिन यह इतना भी आसान नहीं होता है। इसके लिए आपको सही तैयारी और हैक्स को फॉलो करना पड़ता है। वरना बारिश की बूंदे आपका पूरा मजा किरकिरा कर सकती हैं।

### सेटअप को बनाएं वाटरप्रूफ

जब आप मानसून में आउटडोर कुकिंग कर रही हैं तो आपको अपने पूरे सेटअप को वाटरप्रूफ बनाना बेहद ही जरूरी है। आप अपने कुकिंग एरिया को किसी शेड के नीचे सेट करें। इसके अलावा, अपने पास तिरपाल या बड़ा वाटरप्रूफ़ कवर जरूर रखें, ताकि बारिश आने की स्थिति में आपके पूरे सेटअप व फूड इंग्रीडिएंट्स को किसी तरह का नुकसान ना हो। अतिरिक्त सुरक्षा के लिए आप अपने फूड इंग्रीडिएंट्स और इक्विपमेंट्स को वाटरप्रूफ़ बैग और कंटेनर में रखें ताकि वे गीले न हों।

### बनाएं वन पॉट मील

मानसून में आउटडोर कुकिंग को अधिक आसान व मजेदार बनाने के लिए आप वन पॉट मील बनाने पर फोकस करें। इन्हें बनाना अधिक आसान होता है और साथ ही साथ, इसकी क्लीनिंग करना भी काफी आसान होता है। वन पॉट मील बनाते हुए आप सूप, स्टू और करी जैसे ऑप्शन चुन सकते हैं। इसके अलावा, आप प्री-मैरिनेशन इंग्रीडिएंट्स को भी ग्रिल कर सकते हैं। आप घर पर मीट और सब्ज़ियों को पहले से मैरीनेट करें। इससे ना केवल आपके टाइम की बचत होती है, बल्कि मानसून में कुकिंग करना भी अधिक आसान हो जाता है।

### इस्टेंट फूड्स का चुनें ऑप्शन

चूंकि मानसून में मौसम कभी भी बिगड़ सकता है, इसलिए आप अपने साथ कुछ इंस्टेंट फूड ऑप्शन भी जरूर रखें। कोशिश करें कि आप अपने साथ नूडल्स, रेडी-टू-ईट मील और पैकेज्ड फूड आइटम्स को जरूर रखें। इन्हें महज दो से तीन मिनट में ही बनाया जा सकता है। ऐसे में मौसम के कारण आपको कुकिंग के दौरान किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

---

कार्नर न्यूज

बड़ा निवेश कर रहे हैं तो समझदारी बेहद जरूरी

# रिटायरमेंट के बाद घर खरीदना एक अहम फैसला, रखें इन बातों का ध्यान


रिटायरमेंट के बाद घर खरीदना एक बड़ा फैसला होता है। यह न केवल आपकी आर्थिक स्थिति को प्रभावित करता है, बल्कि आपके भविष्य में रहने के तरीके को भी बदल देता है। इसलिए, इस फैसले को लेने से पहले आपको कुछ खास बातों पर ध्यान देना चाहिए।

### जगह का चयन

ऐसी जगह का चयन करें, जो आपके और आपके परिवार के लिए सुविधाजनक हो। पास में अस्पताल, बाजार, और सार्वजनिक परिवहन जैसी सुविधाएं होना जरूरी होता है। इसलिए, एक ऐसी जगह चुनें, जो आपके लिए सुविधाजनक हो और जहां आपको हर जरूरी सुविधाएं मिलें। अगर आप शांति पसंद करते हैं, तो भीड़ भाड़ से दूर किसी शांत इलाके में घर देख सकते हैं।

### बजट की योजना

अपने बजट को ध्यान में रखें और उसी के अनुसार घर खरीदें। रिटायरमेंट के बाद आपके पास स्थिर आय नहीं होती, इसलिए घर का बजट सावधानी से निर्धारित करें। घर की कीमत और अन्य खर्चों जैसे मेंटेनेंस, प्रॉपर्टी टैक्स को ध्यान में रखें। लोन लेने से पहले अपनी फाइनेंनसियल स्टेटस का आकलन करें और इस बात का ध्यान रखें कि क्या आप ईएमआई का भुगतान करने में सक्षम होंगे।



### सुविधाओं और रखरखाव पर ध्यान दें

घर की सुरक्षा का ध्यान रखें और एक ऐसा घर चुनें जो सुरक्षित हो। घर में बुनियादी सुविधाएं जैसे लिफ्ट, 24x7 पानी और बिजली की सुविधा, और सुरक्षा प्रबंध होना चाहिए। कम मेंटेनेंस वाले घर या अपार्टमेंट चुनें, जिससे भविष्य में कम से कम रखरखाव की जरूरत हो।

### स्वास्थ्य सेवाओं की नजदीकी

रिटायरमेंट के बाद स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता जरूरी होती है। घर के पास अच्छे अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्रों का होना जरूरी है। अगर संभव हो तो ऐसे स्थान का चयन करें, जहां बुजुर्गों के लिए विशेष स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों। इसके साथ ही एक ऐसा घर चुनें जो आपके लिए पर्याप्त हो और जिसमें आपको रहने के लिए पर्याप्त जगह मिले।

### समुदाय और सामाजिक जीवन

ऐसा स्थान चुनें जहां आप अपने आयु वर्ग के लोगों के साथ समय बिता सकें। इस तरह का समुदाय आपको सामाजिक और मानसिक समर्थन प्रदान करेगा। पास में पार्क, क्लब, या अन्य सामुदायिक गतिविधियों की सुविधा होने से आपकी जीवनशैली में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

### भविष्य की योजना

घर खरीदते समय भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखें, जैसे कि घर का डिजाइन बुजुर्गों के अनुकूल हो, जिसमें ग्राउंड फ्लोर पर बेडरूम, बाथरूम में ग्रैब बार्स, और एंटी-स्किड फर्श हो। घर को बच्चों के नाम पर खरीदने या जॉइंट ओनरशिप का विकल्प चुन सकते हैं, जिससे भविष्य में संपत्ति का विवाद न हो। साथ ही घर के मेंटेनेंस का ध्यान रखें और एक ऐसा घर चुनें जिसका मेंटेनेंस आसान हो।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## शादी की दूसरी सालगिरह पर जेनिफर लोपेज ने दी तलाक की अर्जी



जेनिफर लोपेज और बेन एफ्लेक अपने तलाक को लेकर लंबे समय से चर्चा में बने हुए हैं। अपनी शादी के दो साल बाद ही दोनों तलाक ले रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मंगलवार, 20 अगस्त को जेनिफर लोपेज ने एलए काउंटी सुपीरियर कोर्ट में तलाक के लिए अर्जी दाखिल की है। दोनों के आधिकारिक तौर पर अलग होने की तारीख 26 अप्रैल बताई गई है। जेनिफर लोपेज और बेन एफ्लेक हॉलीवुड की मशहूर जोड़ियों में से एक हैं। दोनों की जोड़ी को लाखों लोग पसंद करते हैं। जेनिफर लोपेज और बेन एफ्लेक ने साल 2022 में शादी की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जेनिफर लोपेज और बेन एफ्लेक दो-दो बार शादी कर चुके हैं। वो भी एक ही साल के लगातार दो महीने में। उन्होंने पहली शादी जुलाई 2022 में लास वेगास में की थी। इसके बाद अगस्त 2022 में दूसरी बार शादी की थी, जो जॉर्जिया में हुई थी। दोनों ने ठीक दो साल पहले 20 अगस्त 2022 को जॉर्जिया में एक बड़े समारोह में फिर से शादी की थी। बेन एफ्लेक और जेनिफर लोपेज ने साथ में दो फिल्में कीं। 2003 में मार्टिन ब्रेस्ट की बहुचर्चित रोमांटिक फिल्म गिगली और 2004 में केविन स्मिथ की कॉमेडी फिल्म जर्सी में दोनों साथ दिखे थे। रिपोर्ट के अनुसार, जेनिफर लोपेज और बेन एफ्लेक साल 2002 से लेकर 2004 तक एक-दूसरे को डेट कर चुके हैं। खबर के मुताबिक, फिल्म जर्सी के रिलीज होने से पहले दोनों अलग हो गए थे। लोपेज ने अपने हालिया एल्बम 'दिस इज मी नाउ' में भी स्पष्ट रूप से इस रिश्ते को संबोधित किया। ये एल्बम उनकी 2002 की एल्बम 'दिस इज मी देन' का सीक्वल है। उन्होंने मई में अपने 'दिस इज मी नाउ' टूर रद्द कर दिया था।

### टॉलीवुड

## 'मुफासा: द लायन किंग' में धमाल मचाने को तैयार हुए महेश बाबू



महेश बाबू इन दिनों एसएस राजामौली के साथ अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'एसएसबी 29' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच अभी से उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं, इस फिल्म के अलावा अभिनेता का जलवा दूसरी फिल्म में भी देखने को मिला। अभिनेता को लेकर नई खबर सामने आई है, जो प्रशंसकों को खुश कर देगी। दरअसल, महेश बाबू 'मुफासा: द लॉयन किंग' में अपनी आवाज का जादू चलाने के लिए तैयार है। अभिनेता महेश बाबू को आगामी डिज्नी फिल्म 'मुफासा: द लॉयन किंग' में मुफासा की आवाज के रूप में पेश किया है। यह फिल्म एक शानदार पारिवारिक मनोरंजक फिल्म है। इस बार मुफासा की पिछली कहानी पर ध्यान केंद्रित करते हुए निर्माता नई कहानी पेश करेंगे। वहीं फिल्म में अब महेश बाबू की आवाज मुफासा के रूप में सुनाई देगी। फिल्म का तेलुगु ट्रेलर 26 अगस्त को सुबह 11:07 बजे लॉन्च होने वाला है, जो अभिनेता और उनके प्रशंसकों दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण पल है। इस खबर की घोषणा एक्स की गई। कैप्शन में लिखा गया, 'सुपरस्टार महेश बाबू डिज्नी की शानदार पारिवारिक मनोरंजक फिल्म मुफासा द लॉयन किंग में मुफासा की तेलुगु आवाज हैं। 26 अगस्त को सुबह 11:07 बजे तेलुगु ट्रेलर लॉन्च होगा। 20 दिसंबर को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में सिनेमाघरों में फिल्म के धमाकेदार तरीके से देखें।'इस ट्रेलर रिलीज का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है, क्योंकि इसमें महेश बाबू की शक्तिशाली और गूंजती आवाज की झलक देखने मिलेगी, जिसे वे मुफासा के प्रिय किरदार में लेकर आएंगे।

### भोजपुरी

## विक्रांत की फिल्म 'दुल्हन वही जो धन लाए' का ट्रेलर रिलीज



भोजपुरी सिनेमा फिल्मों के स्टार विक्रांत सिंह राजपूत और मणि भट्टाचार्या की फिल्म 'दुल्हन वही जो धन लाए' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में दहेज प्रथा पर चोट करते हुए इसे समाज के सामने एक गंभीर मुद्दे को दिखाया गया है। इसमें हॉरर का तड़का भी देखने को मिलेगा। इसे इश्तियाक शेख बंटी ने डायरेक्ट किया है, और उन्होंने ही लिखा है। इश्तियाक शेख बंटी ने बताया, 'मेरा होम प्रोडक्शन 3आर फिल्म्स एंड प्रोडक्शंस मेरे दिल के बेहद करीब है क्योंकि इसका नाम मेरी तीन प्यारी बेटियों - रिफ़ा, रिदा और रिज़ा के नाम पर रखा गया है। इसी बैनर के तहत मैंने 'दुल्हन वही जो धन लाए' बनाई है।' ट्रेलर में दिखाया गया है कि किस तरह से दहेज लोभी परिवार की लालच और हिंसा एक भुतहा घटना में बदल जाती है। इसके साथ ही, फिल्म में सामाजिक संदेश के साथ मनोरंजन का तड़का भी भरपूर मिलेगा। फिल्म के प्रोड्यूसर विनय सिंह और इश्तियाक शेख बंटी हैं। इश्तियाक शेख बंटी ने दर्शकों से अपील की है कि वो ट्रेलर देखें और अपने विचार साझा करें। उनका कहना है, 'मैं वास्तव में आपसे सुनने के लिए उत्सुक हूं।' 'दुल्हन वही जो धन लाए' दर्शकों को दहेज प्रथा की भयावहता और इसके समाज पर पड़ने वाले प्रभावों को समझाने के साथ ही मनोरंजन का बेहतरीन अनुभव देने के लिए तैयार है।

## गेटवे ऑफ़ इंडिया की रौनक



लाइफ स्टाइल

मुंबई में एक फ़ैशन शो के दौरान मॉडल ने फ्रांसीसी डिजाइनर क्रिश्चियन डायर के फ़ॉल संग्रह से प्रेरित कलेक्शन पेश किए। डायर ने मुंबई में ऐतिहासिक गेटवे ऑफ़ इंडिया स्मारक पर अपना प्री-फ़ॉल संग्रह प्रस्तुत किया। इस शो में रंग, डिजाइन और कढ़ाई के लिए दर्शकों की उत्साहजनक प्रतिक्रिया देखने को मिली। डायर ने करिश्मा स्वाली के साथ यह शो पेश किया। करिश्मा मुंबई में चाणक्य एटलियर और चाणक्य स्कूल ऑफ़ क्राफ्ट का निर्देशन करती हैं।

## ऑफिस इवेंट में ले रही हैं हिस्सा तो पहनें वी-नेक डिजाइंस वाले जंपसूट




अगर आप किसी ऑफिस इवेंट में हिस्सा ले रही हैं और इस मौके पर स्टाइलिश लुक चाहती हैं तो आप वी-नेक डिजाइंस वाले जंपसूट स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के जंपसूट में जहां आप खूबसूरत नजर आएंगी तो वहीं आपका लुक भी सबसे अलग नजर आएगा। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ लेटेस्ट वी-नेक वी-नेक डिजाइंस वाले वाले जंपसूट दिखा रहे हैं और इस तरह के वी-नेक डिजाइंस वाले जंपसूट ऑफिस इवेंट या ऑफिस पार्टी में वियर करने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं।



### पॉलिएस्टर जंपसूट

स्टाइलिश लुक के लिए आप इस तरह का पॉलिएस्टर जंपसूट का चुनाव कर सकती हैं। जहां ये जंपसूट पॉलिएस्टर फैब्रिक में है तो वहीं ये जंपसूट वी-नेक डिजाइन में आता है साथ ही जंपसूट स्लीवलेस है। ये जंपसूट ऑफिस इवेंट में पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकता है और इस तरह के जंपसूट को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 1000 से 2000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस तरह के जंपसूट के साथ मोजरी या हील्स स्टाइल कर सकती हैं।

### सेक्विन वर्क जंपसूट

इस तरह का सेक्विन वर्क जंपसूट भी आप ऑफिस के किसी खास इवेंट के दौरान स्टाइल कर सकती हैं। यह जंपसूट पॉलिएस्टर फैब्रिक में है और इसमें सेक्विन वर्क किया हुआ है। वहीं इस तरह के सेक्विन वर्क जंपसूट में जहां आप स्टाइलिश नजर आएंगी तो वहीं आपक लुक भी सबसे अलग नजर आएगा। इस सेक्विन वर्क जंपसूट को बाजार से खरीद सकती हैं साथ ही ऑनलाइन प्लेटफार्म पर भी आपको ये सेक्विन वर्क जंपसूट 1500 से 3000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस सेक्विन वर्क जंपसूट के साथ फ्लैट्स या फिर जूती पहन सकती हैं।

## फैशन में हाथी प्रिंट का जलवा कायम, युवाओं का बढ़ा रुझान

भारतीय कला में पशु-पक्षियों को हमेशा से ही विशेष स्थान दिया गया है। आपको आर्किटेक्चर से लेकर टेक्सटाइल तक में कुछ विशेष भारतीय पशु-पक्षियों की उपस्थिति देखने को मिल जाएगी। हाथी भी एक ऐसा ही महत्वपूर्ण और विशेष पशु है। आज हाथी प्रिंट के प्रति युवाओं का भी रुझान बढ़ा है।



### चिकनकारी एम्ब्रॉयडरी में एलिफेंट मोटिफ

चिकनकारी एम्ब्रॉयडरी भी भारत की एक ट्रेडिशनल आर्ट है। इसे भी मुगलों के समय में पहचान मिली। पहले इस एम्ब्रॉयडरी को शाही लोगों के वस्त्रों पर ही किया जाता था मगर वर्तमान समय में चिकनकारी किए गए कपड़ों को आम लोग भी पहन सकते हैं। इस एम्ब्रॉयडरी में भी हाथी को विशेष महत्व दिया गया है। आपको इस कढ़ाई में गज मुख, गज का पूरा शरीर, शाही हाथी और सजावटी हाथी के मोटिफ देखने को मिल जाएंगे और आपके आउटफिट को बहुत खूबसूरत बनाते हैं।

### मधुबनी आर्ट का भी हिस्सा हैं एलिफेंट मोटिफ

बिहार की फेमस मधुबनी पेंटिंग्स में भी हाथी के चित्र को महत्व दिया गया है। मधुबनी ही नहीं, कई शाही पेंटिंग्स में आपको हाथी के खूबसूरत चित्र देखने को मिल जाएंगे। अब यही पेंटिंग्स और चित्रकारी कपड़ों की भी शोभा बढ़ा रही हैं। इस तरह हमें मधुबनी, पट्टिचत्र और तंजौर पेंटिंग्स को आउटफिट्स में देखने का भी मौका मिल रहा है, जिसमें हाथी को प्रमुखता दी जाती है।

इस प्रकार, हाथी का भारतीय पौराणिक कथाओं, इतिहास, फैशन और संस्कृति में गहरा और महत्वपूर्ण स्थान है।

## घर पर करें ब्लैक स्मोकी आई मेकअप, जानें आसान स्टेप्स

मेकअप करना हम सभी को पसंद होता है। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि पार्टी में जाने का प्लान करते हैं। इसके बाद यह सोचते हैं कि किस तरह के मेकअप लुक को क्रिएट करें ताकि सुंदर दिखाई दें। इसके लिए आप चाहें तो ब्लैक स्मोक आई मेकअप लुक क्रिएट कर सकती हैं। इसे करना आसान होता है। इसके लिए हम आर्टिकल में आपको कुछ स्टेप्स बताएंगे, जिससे आपका लुक परफेक्ट लगेगा।



### आंखों पर लगाएं प्राइमर

अगर आपको फ्लॉलेस मेकअप क्रिएट करना है, तो इसके लिए आप सबसे पहले प्राइमर लगाएं। इसके बाद इसे अपनी आईलिड पर ब्लेंड करें। इससे एक स्मूथ बेस बन जाएगा। इसके बाद जब आप कलर अप्लाई करेंगी, तो अच्छा लगेगा।

### आईशैडो को ब्रश की मदद से लगाएं

इसके बाद आपको आईलिड पर आईशैडो कलर को ब्रश की मदद से लगाना है। इसके लिए आपको ब्लैक कलर को ब्रश में लेना है। फिर आईलिड पर ब्लेंड करना है। इसे ऐसे ब्लेंड करें ताकि आंखों पर क्रीज न रहे। फिर इसमें आप चाहें तो शिमर लगा सकती हैं। इससे आंखें और ज्यादा अच्छे से हाईलाइट होंगी।

### आंखों पर लगाएं लाइनर

आंखों को अच्छे से हाईलाइट करने के लिए आप लाइनर का इस्तेमाल करें। इसके लिए आप आंखों पर विंग आईलाइनर लगा सकती हैं। इस तरह के मेकअप के साथ ऐसा लाइनर अच्छा लगता है। इसे थोड़ा बोल्ड करके लगाएं।

## पैरों के तलवों पर मोटी डेड स्किन के कारण बन जाती है गांठ, घरेलू नुस्खे आएंगे बहुत काम

ऐसा कई बार होता है, जब पैरों के तलवों में डेड स्किन इतनी ज्यादा जम जाती है कि गांठ जैसा महसूस होने लगता है। कई बार तो जूते-चप्पल पहनने पर भी असहज महसूस होता है। ऐसे में कई लोग हाथों से या फिर किसी नुकीली चीज से डेड स्किन को रिमूव करने की कोशिश करने लगते हैं। ऐसे में डेड स्किन रिमूव करने के चक्कर में जख्म तक हो जाता है और चलना फिरना मुश्किल हो जाता है। इसलिए आज हम आपको कुछ ऐसे आसान होममेड फुट स्क्रब बनाना बताएंगे, जो आपके पैरों की खाल को मुलायम बनाए रखेंगे और इनके इस्तेमाल से डेड स्किन को रिमूव किया भी आसान हो जाएगा।



### दूध और शक्कर का फुट स्क्रब

दूध और शक्कर को मिक्स करें और पैरों में जहां भी डेड स्किन की गांठ बन गई है वहां पर स्किन को स्क्रब करें। इसके बाद आप पैरों को कुछ वक्त के लिए गुनगुने पानी में डिप करके बैठें। इसके बाद आप पैरों को बाहर निकालकर प्यूमिक स्टोन से रगड़ें। उसके बाद आप फिर से गुनगुने पानी में पैरों को डालकर साफ कर सकती हैं। इससे पैरों की सख्त खाल मुलायम हो जाएगी और धीरे अपने आप ही रिमूव हो जाएगी।

### शहद और नींबू का फुट स्क्रब

एक चम्मच शहद में एक बड़ा चम्मच नींबू के छिलके का पाउडर मिक्स कर लें। आप घर पर ही यह पाउडर बना सकती हैं। इसके लिए आप नींबू के छिलकों को सुखा लें और फिर उसे मिक्सी में दरदरा पीस लें। फिर इससे पैरों को स्क्रब करें। ऐसा करने से आपके पैरों की न केवल खाल मुलायम होगी बल्कि डेड स्किन रिमूव हो जाएगी और पैरों में यदि टैनिंग है तो वह भी दूर हो जाएगी। आप इस फुट स्क्रब का इस्तेमाल रोज कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### ओवरसाइज कपड़े पहनने का ट्रेंड पिछले कुछ दिनों में खूब चल रहा

## परफेक्ट लुक के लिए नौजवान अपना रहे ओवरसाइज ट्रेंड, याद रखें कुछ जरूरी टिप्स

*ओवरसाइज कपड़े पहनने का ट्रेंड पिछले कुछ दिनों में खूब चल रहा है। ये ट्रेंड हिप-हॉप फैशन के साथ ही आया है और कॉलेज गोअर्स के बीच खूब पसंद किया जा रहा है। अब तो बड़े-बड़े स्टार्स भी इस ट्रेंड को फॉलो कर रहे हैं। दरअसल इसमें आराम भी मिलता है और स्टाइलिंग भी हो जाती है। ओवरसाइज टी-शर्ट तो काफी स्मार्ट दिखती है साथ में ऐसी शर्ट भी काफी अच्छी लगती है। पुरुष ओवरसाइज पैंट भी खूब पहनते हैं और जींस भी। लेकिन ये ट्रेंड किसी पर भी कभी भी अच्छा लगे ये जरूरी नहीं है। बल्कि कई बातें ध्यान रखनी होती है, जो ओवरसाइज ट्रेंड को परफेक्टली फॉलो करने में आपकी मदद करती है।*



### मौका क्या है?

मौका क्या है? ओवरसाइज ट्रेंड को पहनते हुए सबसे बड़ा सवाल यही होता है। दरअसल ये ऐसा ट्रेंड नहीं है, जिसे कभी भी पहना जा सके। इसको खास मौकों पर ही पहना जा सकता है।

### ओवरसाइज हो, बड़ा नहीं

ओवरसाइज फैशन में हाथ आजमाना है तो आपको साइज का ही ध्यान रखने की जरूरत होती है। इसमें आपको जरूरत से ज्यादा बड़ी ड्रेस नहीं बल्कि ओवरसाइज ड्रेस ही लेनी है। मतलब ऐसा न हो कि ओवरसाइज के चक्कर में आप अपने साइज से कई साइज बड़े कपड़े ले लें।

### कंधे और कमर पर ओवरसाइज

याद रखिए कपड़े ओवरसाइज ही लेने का एक तरीका ये है कि इनके कंधे और कमर देखिए। ये दोनों अगर ओवरसाइज हैं तो समझिए आप सही कपड़े चुन रहे हैं। वरना ऐसा लगेगा मनो आपके कपड़े हैंगर पर टंगे हैं।

### बैलेंस है जरूरी

ओवरसाइज कपड़ों के साथ बैलेंस बहुत जरूरी है। जैसे आप ओवरसाइज कोट के साथ ओवरसाइज पैंट नहीं पहन सकते हैं। बल्कि आपको ओवरसाइज कोट के साथ फिटेड पैंट पहननी चाहिए। लेकिन ये सुपर स्किनी नहीं होनी चाहिए।

